● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 147, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार , 05 जुलाई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



भाजपा को मिल सकती है महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष 5

शुभमन ने कई खिलाड़ियों के रिकार्ड तोड़े 6

## सबको शिक्षा ही हमारा विकास मंत्र : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने किया विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय के लिए 235 करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि का अंतरण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शिक्षा मनुष्य के समग्र विकास की धुरी है और 'सबको शिक्षा' ही राज्य सरकार का विकास मंत्र है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के हर बच्चे तक शिक्षा का प्रकाश पहुंचाने के हरसंभव प्रयास किए हैं। केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि प्रतिभावान विद्यार्थियों को नई तकनीक और नई शिक्षा पद्धति से जोड़कर उनके उज्जवल भविष्य की नींव भी रखी जा रही है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप देकर हम प्रदेश का एक बेहतर और स्वर्णिम भविष्य गढ़ने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में लैपटॉप प्रोत्साहन राशि अंतरण



के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले प्रदेश के 94,234 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने के लिए 235 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की। योजना के तहत लैपटॉप खरीदने के लिए प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को 25-25 हजार रुपये डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए उनके बैंक खातों में सिंगल क्लिक के जरिए हस्तांतरित किये गये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अगले साल से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि के स्थान पर 25 हजार रुपए मूल्य के और अधिक गुणवत्ता वाले अपडेटेड लैपटॉप देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मंच से 15 मेधावी विद्यार्थियों को लेपटॉप भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने खुद सेल्फी लेकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रतिभाओं को सम्मान देना और स्वर्णिम भविष्य की संभावनों को पोषित करना और हर संभव सहायता करना प्रदेश सरकार का दायित्व है। योजना के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले जिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए राशि दी गई है, उनमें 60 प्रतिशत छात्राएं और 40 प्रतिशत छात्र शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी बेटियां चुनौतियों को पार करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। 15 साल पहले शुरू हुई इस योजना का लाभ अब तक 4 लाख 32 हजार से अधिक मेधावी विद्याथियों को मिल चुका है। इस दौरान राज्य सरकार ने विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण पर 1080 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि खर्च की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब हमारे विद्यार्थी आधुनिक तकनीक से लैस होकर बेहतर तरीके से पढ़ाई कर सकेंगे। लैपटॉप सिर्फ एक उपकरण नहीं, बल्कि यह सुनहरे भविष्य की तैयारी का सशक्त माध्यम है।

## ऑपरेशन सिंदूर स्वराज की रक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का बेहतरीन उदाहरण : शाह

**पुणे।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत की सशस्त्र सेनाएं और देश का नेतृत्व स्वराज यानी देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस भावना का सबसे अच्छा उदाहरण हाल ही में हुआ ऑपरेशन सिंदूर है। अमित शाह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), पुणे में मराठा योद्धा और प्रधानमंत्री पेशवा बाजीराव प्रथम की घुड़सवार प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि एनडीए में इस प्रतिमा का बनना इसलिए भी खास है क्योंकि यह संस्थान सेना के नेतृत्व की ट्रेनिंग देता है।




अमित शाह ने इस दौरान कहा, जब भी मेरे मन में नकारात्मक विचार आते हैं, मैं शिवाजी और पेशवा बाजीराव को याद करता हूं। वे विपरीत परिस्थितियों में भी स्वराज स्थापित करने में सफल रहे थे। यह हमें आज के समय में भी प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज देश का स्वराज 140 करोड़ भारतीयों की जिम्मेदारी है और अगर इसे बचाने के लिए लड़ाई की जरूरत पड़ी, तो हमारी सेनाएं और नेतृत्व पीछे नहीं हटेगा।

गृह मंत्री अमित शाह ने आगे कहा, जब स्वराज स्थापित करने की जरूरत थी, हमने लड़ाई लड़ी। और जब स्वराज की रक्षा के लिए लड़ाई की जरूरत होगी, तो हम पीछे नहीं हटेंगे। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर में यह बात साफ तौर पर दिखी कि हम स्वराज की रक्षा के लिए हमेशा तैयार हैं। अमित शाह ने पेशवा बाजीराव प्रथम (1700-1740) को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, अगर छत्रपति शिवाजी महाराज की तरफ से शुरू की गई आजादी की लड़ाई और पेशवाओं की तरफ से उसे आगे नहीं बढ़ाया गया होता, तो आज भारत की मूल संरचना शायद नहीं बच पाती। उन्होंने यह भी कहा कि अपने केवल 40 वर्षों के जीवन में बाजीराव ने ऐसा अमर इतिहास रचा, जो और कोई नहीं कर सका।

इस कार्यक्रम के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीए के कैडेट्स से मुलाकात की और उनसे बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि बाजीराव जैसे योद्धा की प्रतिमा यहां होना देश की रक्षा में युवाओं की भूमिका को और मजबूती देगा।

## भारतीय नौसेना में पहली महिला फाइटर पायलट बनीं सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया



**विशाखापत्तनम।** भारतीय नौसेना ने इतिहास रच दिया है। सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया को आधिकारिक रूप से नौसेना के फाइटर स्ट्रीम में शामिल कर लिया गया है। वे इस स्ट्रीम में जगह पाने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं। इससे महिला अधिकारियों के लिए लड़ाकू भूमिकाओं के द्वार खुल गए हैं।

आस्था पूनिया को विंग्स ऑफ गोल्ड सम्मान प्रदान किया गया, जो नौसेना की फाइटर पायलट बनने की पात्रता का प्रतीक है। यह सम्मान उन्हें रियर एडमिरल जनक बेवली, सहायक नौसेना स्टाफ (एयर) की तरफ से आईएनएस डेगा, विशाखापत्तनम में दिया गया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट अतुल कुमार ढुल को भी यह सम्मान प्राप्त हुआ। यह समारोह सेकेंड बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स की सफल समाप्ति पर आयोजित हुआ था।

वहीं एक दिन पहले, रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने करीब 1.05 लाख करोड़ की लागत वाली 10 रक्षा खरीद योजनाओं को मंजूरी दी। यह बैठक ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार आयोजित की गई थी। इसमें कई रक्षा उपकरण शामिल हैं।

## लालू प्रसाद यादव फिर बने राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष

**पटना।** 13वें कार्यकाल के लिए लालू प्रसाद यादव राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष औपचारिक तौर पर बन गए हैं। परंपरा के तहत इकलौता नामांकन होने के साथ ही उनका पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना औपचारिकता थी, लेकिन अब राष्ट्रीय जनता दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की शुक्रवार को पटना के एक होटल में हुई बैठक में इस कोरम को पूरा कर लिया गया। लालू यादव और राबड़ी देवी के साथ पार्टी के बाकी दिग्गजों ने दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरुआत की। इसमें बिहार चुनाव के दौरान वोटर लिस्ट बदलने और तेजस्वी यादव को अगला मुख्यमंत्री बनाने पर चर्चा शुरू हो गई है।

## मुख्यमंत्री 5 जुलाई को ग्वालियर में समरसता सम्मेलन में होंगे शामिल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समाज के सर्वांगीण विकास और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की सामाजिक समरसता की भावना के अनुसार सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रदेश के सामाजिक परिदृश्य में तेजी से सकारात्मक बदलाव आ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कहना है कि विकास की मुख्यधारा में हर वर्ग को साथ लेकर चलने से ही सामाजिक एकता मजबूत होती है। सामाजिक समरसता ही वह भावना है जो कठिन परिस्थितियों में भी परस्पर सहयोग और मदद के लिए प्रेरित करती है। सशक्त समाज से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्वालियर में शनिवार को 'समरसता कार्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर के जौरासी गांव में बनने वाले अंबेडकर धाम का भूमि-पूजन करेंगे। यह स्थल सामाजिक समरसता, न्याय और समानता के प्रतीक डॉ. अंबेडकर के विचारों का जीवंत केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री इस अवसर पर विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरित करेंगे, सामाजिक समरसता की शपथ दिलाएंगे और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिकों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक एकता पर विषय विशेषज्ञ अपने विचार व्यक्त करेंगे। इस अवसर पर सहभोज का आयोजन भी किया गया है। राज्य सरकार ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और योगदान को सम्मान देते हुए सामाजिक समरसता को सशक्त करने के लिए शिक्षा, रोजगार, सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक न्याय को केंद्र में रखकर कई योजनाएं शुरू की हैं।

## आईएसएस पर अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने पूरा किया एक सप्ताह

**फ्लोरिडा।** निजी स्पेस कंपनी एक्सिओम के एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर (आईएसएस) गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक सप्ताह पूरा कर लिया है। इस दौरान उन्होंने यहां कई शोध किए हैं। बुधवार को छुट्टी के दिन शुभांशु ने पृथ्वी पर अपने परिजनों से बात की। इसके बाद शोध कार्यक्रम को फिर से शुरू करने के लिए तैयारी की। एक्सिओम स्पेस ने अपने आधिकारिक ब्लॉग में कहा एक्सिओम मिशन 4 (एक्स -4) चालक दल के कमांडर पैगी व्हिटसन, पायलट शुभांशु शुक्ला, मिशन विशेषज्ञ स्लावोज़ सुवे उज़्नानस्की-विस्नीवस्की और टिबोर कापू ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर एक पूरा सप्ताह बिता दिया है।

## व्यापार वार्ता के बाद भारतीय दल अमेरिका से लौटा

### कृषि व ऑटो से जुड़े मुद्दों पर जारी रहेगी चर्चा

**नई दिल्ली।** मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में भारतीय दल अंतरिम व्यापार समझौते पर एक और दौर की वार्ता पूरी करने के बाद वाशिंगटन से लौट आया है। हालांकि, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार पर चर्चा आगे भी जारी रहेगी क्योंकि कृषि और ऑटो क्षेत्रों से जुड़े कुछ मुद्दों को अब भी हल करने की जरूरत है। अधिकारी ने बताया कि वार्ता अंतिम चरण में है और इसके निष्कर्ष की घोषणा 9 जुलाई से पहले होने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा, भारतीय टीम वाशिंगटन से वापस आ गई है। बातचीत जारी रहेगी। कृषि और ऑटो क्षेत्र में कुछ मुद्दे हैं जिन्हें हल करने की जरूरत है। ये वार्ता इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ़ का निलंबन 9 जुलाई को समाप्त हो रहा है। दोनों पक्ष उससे पहले वार्ता को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं।

## मराठी पर गर्व करना गलत नहीं, लेकिन भाषा के आधार पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं : फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में मराठी भाषा पर गर्व करना गलत नहीं है। लेकिन अगर कोई भाषा के नाम पर गुंडागर्दी करता है, तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर किसी के साथ भाषा के आधार पर कोई मारपीट करता है, तो इसे भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

फडणवीस की ओर से यह मराठी भाषा न बोलने को लेकर विवाद बढ़ रहा है। यह विवाद उस समय और बढ़ गया, जब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के



कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर एक गुजराती व्यक्ति को मराठी न बोलने को लेकर पीट दिया और घटना का वीडियो वायरल हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा, पुलिस ने इस घटना पर प्राथमिकी दर्ज की है और कार्रवाई भी की है। अगर भविष्य में कोई इस तरह का भाषा विवाद खड़ा करता है, तो उस पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हमें अपनी मराठी भाषा पर गर्व है, लेकिन भारत की किसी भी भाषा के साथ इस तरह का अन्याय नहीं किया जा सकता, यह बात हमें ध्यान में रखनी होगी। फडणवीस ने आगे कहा, कभी-कभी मुझे आश्चर्य होता है कि ये लोग अंग्रेजी को तो गले लगाते हैं, लेकिन हिंदी को लेकर विवाद खड़ा करते हैं। यह किस तरह की सोच है और यह किस तरह का व्यवहार है? इसलिए जो लोग कानून अपने हाथ में लेते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई मराठी व्यक्ति असम जाकर कारोबार करता है और उसे असम की भाषा नहीं आती, तो क्या उसकी पिटाई होनी चाहिए? उन्होंने कहा, अगर मराठी को लेकर अभिमान है, तो मराठी सिखाओ, क्लास शुरू करो। मराठी पर अभिमान है तो लोगों को मराठी बोलने के लिए प्रेरित करो। मराठी पर अभिमान है तो अपने बच्चों को मराठी पढ़ाओ, उन्हें ऐसे स्थानों पर क्यों पढाते हैं, जहां मराठी तीसरी भाषा है? हम लोगों से मराठी बोलने की अपील कर सकते हैं, लेकिन जबरदस्ती नहीं कर सकते।

## रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला

### कीव पर दागीं 550 मिसाइलें और ड्रोन, गूंजती रही धमाकों की आवाज

**कीव।** रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर बड़ा हमला किया है। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर 550 मिसाइलें और शाहिद ड्रोन दागे। कीव में पूरी रात धमाकों की आवाज गूंजती रही। यूक्रेन ने बताया कि इन हमलों में 23 लोग घायल हो गए। इसके अलावा इमारतों को बड़ा नुकसान पहुंचा। यह हमला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत करने और यूक्रेन को हथियारों की कुछ खेप रोकने के अमेरिका के निर्णय के कुछ घंटों बाद हुआ।

रूस की वायु सेना ने बताया कि उसने रात भर में यूक्रेन में 550 ड्रोन और मिसाइलें दागीं। इनमें से ज्यादातर शाहिद ड्रोन थे। हमले में 11 मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। कीव में लगातार ड्रोनों की गड़गड़ाहट और विस्फोटों, मशीन गन की गोलीबारी की आवाजें सुनीं गईं। यूक्रेनी सेना हवाई हमलों को रोकने की कोशिश की। बताया गया कि हमले का मुख्य लक्ष्य कीव था। मेयर विटाली क्लिट्स्को के अनुसार हमलों में कम से कम 23 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 14 अस्पताल में भर्ती हैं।

## भाजपा धर्मनिरपेक्ष, कांग्रेस सबसे ज्यादा सांप्रदायिक : रिंजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्मनिरपेक्ष है, जबकि कांग्रेस सबसे ज्यादा सांप्रदायिक पार्टी है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि कांग्रेस और कुछ अन्य दल अल्पसंख्यकों के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा, बार-बार कांग्रेस और उसके साथी दल अल्पसंख्यकों को डराने की कोशिश करते हैं। वे जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत में मुसलमान, सिख, ईसाई, पारसी, जैन और बौद्ध - ये छह समुदाय अल्पसंख्यक माने जाते हैं, और सभी को समान अधिकार और अतिरिक्त सुविधाएं भी मिलती हैं।

## कोलकाता दुष्कर्म कांड में पुलिस ने रीक्रिएट किया सीन

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस के अधिकारी शुक्रवार को छात्रा के सामूहिक दुष्कर्म के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए चार लोगों को साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज ले गए। वहां पुलिस ने अपराध स्थल पर क्राइम सीन को रीक्रिएट किया। एक अधिकारी ने कहा बताया कि तीन मुख्य आरोपियों पूर्व छात्र और संविदा कर्मचारी मनोजीत मिश्रा, वर्तमान छात्र प्रमित मुखर्जी और जैब अहमद को सुबह करीब 4.30 बजे कॉलेज ले जाया गया। उनके साथ सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी भी मौजूद था। इस प्रक्रिया को पूरा करने में करीब चार घंटे लगे।

अधिकारी ने पीटीआई को बताया, अपराध स्थल पर क्राइम सीन रीक्रिएट करना जांच का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमने आज यह काम पूरा कर लिया। चारों आरोपियों को आज सुबह साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज ले जाया गया और काम पूरा हो गया। एक बड़ी पुलिस टीम की मौजूदगी में की गई पूरी प्रक्रिया चार घंटे तक चली, जिसके बाद चारों को वापस पुलिस स्टेशन ले जाया गया। अधिकारी ने कहा, हमारे निष्कर्षों की अब महिला के आरोपों के साथ जांच की जाएगी और अन्य साक्ष्यों के साथ पुष्टि की जाएगी। सुरक्षा गार्ड को बाद में अदालत में पेश किया जाएगा, क्योंकि उसकी पुलिस रिमांड 4 जुलाई तक थी।

## पाक को भारत की तैयारियों का लाइव डाटा लीक कर रहा था चीन

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख (क्षमता विकास एवं संधारण) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन पाकिस्तान को भारत की तैयारियों और अग्रिम मोर्चों पर हमारी तैनाती को लेकर इनपुट दे रहा था।

फिक्की द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब डीजीएमओ स्तर की वार्ता चल रही थी, तो पाकिस्तान को चीन से हमारे महत्वपूर्ण वैक्टरों के लाइव अपडेट मिल रहे थे। ऐसे में यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां हमें असल में ज्यादा से ज्यादा और तेजी के साथ काम करने की जरूरत है।

अपने संबोधन में उन्होंने चीन-तुर्किए और पाकिस्तान के गठबंधन को बेनकाब करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हम एक सीमा पर दो विरोधियों या असल में तीन से जंग लड़ रहे थे। पाकिस्तान अग्रिम मोर्चे पर था और चीन उसे हर संभव सहायता प्रदान कर रहा था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास 81त्र सैन्य हार्डवेयर चीनी है। इस अभियान में चीन ने एक तरह से अपने हथियारों का परीक्षण अन्य हथियारों के खिलाफ किया। पाकिस्तान एक तरह से उनके लिए एक प्रयोगशाला की तरह उपलब्ध था। तुर्की ने भी इस प्रकार की



सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अपने संबोधन में उन्होंने एक मजबूत वायु रक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर पाकिस्तान हम पर हमला करता है तो वह आबादी वाले क्षेत्रों को निशाना बना सकता है। इस बार पूरे ऑपरेशन के दौरान एयर डिफेंस और उसका संचालन बेहतरीन था, लेकिन इस बार हमने आबादी वाले क्षेत्रों में एयर डिफेंस पर ठीक से ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन भविष्य में हमें इसके लिए तैयार रहना होगा।

फिक्की द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में बोलते हुए लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ऑपरेशन सिंदूर के परिणामों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इसे हमें कुछ सबक मिले हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क में टारगेट की योजना और उनका चयन बहुत सारे डेटा पर आधारित था। यह प्रौद्योगिकी और मानव खुफिया जानकारी का उपयोग करके एकत्र किया गया था। हमने पाकिस्तान में कुल 21 टारगेट तय किए थे, जिनको निशाना बनाना था। फिर सेना की कार्रवाई से ठीक पहले आखिरी घंटे में यह तय किया गया कि 21 में से किन नौ ठिकानों को निशाना बनाना है। उसके बाद एक सुविचारित निर्णय लिया गया कि दुनिया को सही संदेश भेजने के लिए तीनों सेनाओं का यह दृष्टिकोण होना चाहिए कि हम वास्तव में एक एकीकृत बल हैं।

इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम को रणनीतिक कदम करार दिया। कहा कि जब हम किसी सैन्य लक्ष्य पर पहुंचते हैं, तो हमें इसे रोकने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युद्ध शुरू करना आसान है, लेकिन इसे नियंत्रित करना बहुत मुश्किल है।

# दिवाली के बाद से लाडली बहनों के खाते में जाएंगे 1500 रूपये : मुख्यमंत्री

## सिंगरौली में मुख्यमंत्री ने किया 503 करोड़ की निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास






### सरई में बनेगा उपखण्ड कार्यालय, बरगवां से माड़ा तक होगी फोरलेन: मोहन यादव

**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगरौली जिले के सरई में आयोजित महिला सशक्तिकरण तथा आदिवासी गौरव सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में 503 करोड़ रूपये की लागत के 54 निर्माण कार्यो का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगरौली प्रदेश के नक्शे में भोपाल से दूर है, लेकिन मेरे दिल के सबसे करीब है। सिंगरौली के विकास में कोई कोर कसर नहीं रखी जायेगी। सिंगरौली में 9 हजार अनुसूचित जनजाति परिवारों को वनाधिकार पट्टे का लाभ दिया गया है। धरती आबा योजना, जनमन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं से लाखों जनजाति परिवार लाभ उठा रहे हैं। सिंगरौली में देश में कोयले की सबसे मोटी परत है। सिंगरौली देश की उर्जाधानी है। वही आगे कहा कि बरगवां से परसौना तक फोरलेन सड़क बनाई जायेगी। सरई में एसडीएम कार्यालय और 100 बेड का अस्पताल परीक्षण करके बनाया जायेगा। माड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन किया जायेगा। सीधी-सिंगरौली नेशनल हाईवे के निर्माण में लापरवाही बरतने वाली एजेंसी का ठेका समाप्त कर दिया गया है। नई एजेंसी तय करके टेण्डर की कार्यवाही कर दी गई है। बरसात के बाद इस सड़क का तेजी से निर्माण कार्य किया जाएगा। मुख्यंमत्री ने कहा कि आज हमारी सरकार ने प्रदेश के 94 हजार प्रतिभावान विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि प्रदान की है। जिन बच्चों ने 12वीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हे लैपटॉप दिया गया है। शिक्षा के विकास के लिए हमने दो साल में 15 हजार विद्यार्थियों को स्कूटी दी है। शिक्षा के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं रखी जाएगी। गुरू पूर्णिमा पर स्कूल भवनों और सड़कों का लोकार्पण पूरे प्रदेश में किया जायेगा। कक्षा 9वीं और कक्षा 6वीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल दी जा रही है। भगवान कृष्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए उज्जैन के संदीपनि आश्रम आये थे। महाऋषि संदीपनि ने भगवान कृष्ण को 64 कलाओं में प्रवीण किया। हम संदीपनि विद्यालयों के माध्यम से प्रदेश में लाखों कृष्ण बनायेंगे। कृष्ण और सुदामा की मित्रता की परम्परा को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही आगे कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से प्रधानमंत्री ने लाखों गरीब परिवारों को लाभान्वित किया है। अब तक जो गरीब परिवार इस योजना के लाभ से वंचित रह गये हैं, उनका सर्वेक्षण किया जा रहा है। सभी पात्र व्यक्ति इसमें अपना नाम शामिल करायें। प्रधानमंत्री ने आयुष्मान कार्ड योजना से 5 लाख रुपए तक की निःशुल्क उपचार की सुविधा दी है। एयर एंबुलेंस से रोगियों को निःशुल्क बड़े अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। अंगदान करने वालों को हम सम्मानित करेंगे तथा उन्हें गार्ड आफ ऑनर दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का तेजी से विकास हो रहा है। कश्मीर में आतंकवादियो ने दुस्साहस दिखाकर कायराना हमला किया, तो वही देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारी सेना ने दुश्मन के घर में घुसकर उसे मारा। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने देश की सेना के गौरव में चार चांद लगा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों के सम्मान और गरीबों के कल्याण के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। हमने कैबिनेट की बैठक भी रानी दुर्गावती और राजा भभूत सिंह की स्मृति में आयोजित की। मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन करके बेटियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने श्रीअन्न तथा महुये से बने लड्डूओं का स्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने लाडली लक्ष्मी योजना तथा अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। सम्मेलन में जिले की प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके पीएचई मंत्री, राज्यमंत्री राधा सिंह, सांसद डॉ. राजेश मिश्र, विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, विधायक सिहावाल विश्वामित्र पाठक, पूर्व विधायक सुभाष रामचरित, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल शाह, कांत देव सिंह, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, अनुराधा सिंह, जनपद अध्यक्ष देवसर प्रणव पाठक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और हजारों महिलाएं मौजूद रही। वही उक्त सम्मेलन में कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, एसपी मनीष खत्री सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### श्रीअन्न खरीदने पर किसानों को मिलेंगे एक हजार रूपये

श्रीअन्न खरीदने पर किसानों को एक हजार रूपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त राशि दी जा रही है। किसानों से 2600 रूपये प्रति क्विंटल में गेंहू की खरीद की गई। जहां देश में सर्वाधिक है। महिलाओं के लिए हमने बजट में 27 हजार 147 करोड़ रूपये का प्रावधान किया है। इसमें से केवल लाडली बहना योजना के लिए ही 18 हजार 699 करोड़ रूपये का प्रावधान रखा गया है। प्रदेश में 1 करोड़ 27 लाख महिलाओं को लाडली बहना योजना का लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पौधा रोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया।

### विधायक ने क्षेत्र के विकास के लिए रखी मांगे, गुदुम-बाजा से स्वागत

इस अवसर पर समारोह में विधायक देवसर राजेन्द्र मेश्राम ने स्वागत उद्बोधन देते हुये क्षेत्र के विकास से जुड़ी विभिन्न मांगे रखीं। विधायक ने देवसर विधानसभा क्षेत्र में 5 सीएम राइज स्कूल, 4 कॉलेज तथा गोढ़ परियोजना की मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री का सरई पहुंचने पर परम्परागत आदिवासी लोक नृत्य गुदुम-बाजा से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने लोक कलाकारों के साथ मादल पर थाप दी। मुख्यमंत्री को रंग-बिरंगी आदिवासी टोपी पहनाकर और धनुष बाण भेंट करके स्वागत किया गया।

### दीपावली से लाडली बहनों के खाते में आएंगे हर माह 1500 रूपये

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बहनों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। रक्षाबंधन में लाडली बहना योजना से लाभान्वित बहनों को 1250 रुपए की राशि के साथ 250 रूपये अतिरिक्त दिए जाएंगे। हम महीने भर रक्षाबंधन का त्योहार मनाएंगे। दीवाली से लाडली बहना योजना से 1500 रूपये की राशि हर माह दी जायेगी। लाडली लक्ष्मी योजना से 51 लाख बेटियाँ लाभान्वित हुई हैं। इनमें से पात्र बेटियों को लाडली लक्ष्मी बेटियों को 672 करोड़ रूपये की राशि दी गई है। प्रदेश के 5 लाख महिला स्व सहायता समूहों से जुड़ी 62 लाख बहनों को कई आर्थिक लाभ दिए गए हैं। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में 33 प्रतिशत सीटें बहनों को दी जायेंगी ।

## सरई में सीएम का कार्यक्रम सफल होने पर कलेक्टर ने जताया आभार



**सिंगरौली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरई में आयोजित नारी शसक्तिकरण एवं जन जाति गौरव सम्मेलन में शामिल हुये। सम्मेलन के सफल क्रियान्वन के लिए कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों, पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के कर्तव्य निष्ठा की सराहना करते हुये कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा सम्मेलन के सफल आयोजन पर आभार व्यक्त किया है।

## शिव मंदिर पर गिरी आसमानी बिजली



**सिंगरौली।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम नौडिहवा के एक शिव मंदिर पर बीती रात तेज चमक गरज के साथ आसमानी बिजली गिरी है। जहां मंदिर में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं। वहीं बल्व भी चकनाचूर हो गये। जानकारी के अनुसार गुरूवार की रात गढ़वा थाना क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हो रही थी। साथ में तेज चमक गरज एवं तड़क का दौर भी चलता रहा। इसी दौरान नौडिहवा गांव निवासी केशव प्रसाद चतुर्वेदी के शिव मंदिर के गुम्बज पर आसमानी बिजली गिर गई। जिसमें मंदिर में जगह-जगह जहां दरारें पड़ गई हैं। वही लगे एलईडी बल्व भी चकना चूर हो गये हैं। हालांकि गनिमत रही कि किसी प्रकार की जन हानि नही हुई।

## प्रभारी मंत्री ने 264 डिजिटल स्मार्ट क्लासेस का किया शुभारंभ

**शहडोल।** मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप अहिरवार एवं कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने आज अनूपपुर जिले के मॉडल स्कूल कोतमा प्रांगण में आयोजित ''अमृत हरित महाभियान'' कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर जिले के 84 स्कूलों में संचालित 264 डिजिटल स्मार्ट क्लासेस का विधिवत शुभारंभ किया गया।

यह नवाचार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कोतमा को केंद्र बनाकर प्रारंभ किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी माध्यमों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों को जेईई एवं नीट जैसी राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी।

शुभारंभ के दौरान मंत्रियों ने कहा कि डिजिटल स्मार्ट क्लासेस के माध्यम से न केवल पाठ्यक्रम संबंधी सामग्री सुलभ होगी, बल्कि ऑनलाइन कक्षाओं के जरिए छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। यह सुविधा पूरी तरह निःशुल्क रहेगी जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को किसी प्रकार की बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

यह अभिनव प्रयास न केवल डिजिटल शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि इससे अनूपपुर जिले के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

## विंध्याचल में कार्यकारी विकास कार्यक्रम ईडीपी का हुआ सफल समापन

**सिंगरौली।** एनटीपीसी की उत्तरी क्षेत्र की परियोजनाओं से आए अधिकारियों के लिए आयोजित दो सप्ताहीय कार्यकारी विकास कार्यक्रम का समापन 3 जुलाई को आरएलआई विंध्याचल में हुआ। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के नेतृत्व कौशल को निखारने और उन्हें भावी भूमिकाओं के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख मौजूद रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम की सफलतापूर्वक पूर्णता के लिए बधाई दी और अपने संबोधन में कहा कि पदोन्नति के साथ जिम्मेदारियों में भी वृद्धि होती है। उन्होंने सभी अधिकारियों को आत्मविश्वास के साथ अपनी नई भूमिका को अपनाने और संगठन के मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण न केवल व्यावसायिक दृष्टिकोण से बल्कि व्यक्तिगत विकास के लिए भी अत्यंत लाभकारी रहा।

## छात्रो का उच्च शिक्षा के लिए सशक्त बनाने की दिशा सरकार अग्रसर है: प्रभारी मंत्री



**सिंगरौली।** जिले की प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके मंत्री म.प्र. शासन लोक स्वाथ्य यांत्रिकी विभाग ने आज दिन शुक्रवार सरई स्थित शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित लैपटॉप वितरण समारोह में शामिल हुई।

समारोह के दौरान कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 25 हजार की प्रोत्साहन राशि वितरित कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस असवर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह योजना राज्य सरकार द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें उच्च शिक्षा के लिए सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे ऐसे प्रयास निश्चित रूप से हमारे युवाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाएंगे। कार्यक्रम में सांसद राजेश मिश्रा, देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, एसपी मनीष खत्री, भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह सहित विद्यालय की छात्र-छात्राएं, प्राचार्य एवं शिक्षक गण मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित



**सिंगरौली।** प्रदेश उत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह 1 से 3 जुलाई तीन दिवसीय मनाया गया।

दीक्षारंभ कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमलेन्द्र द्विवेदी भूतपूर्व छात्र देवसर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य जमुना प्रसाद नामदेव ने की। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीष सोनी वरिष्ठ शिक्षक शा उत्कृष्ट उमावि देवसर एवं मंगलेश्वर चतुर्वेदी वरिष्ठ शिक्षक शा उत्कृष्ट उमावि देवसर मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके शैक्षणिक विकास के लिए मार्गदर्शन दिया एवं प्राचार्य ने महाविद्यालय के समस्त गतिविधियों एवं नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में जानकारी दी एवं सभी नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही मगलेश्वर चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए मार्गदर्शन दिया। प्रवेश एवं छात्रवृत्ति से सम्बन्धित जानकारी डॉ. शिव कुमार पटेल ने प्रदान की एवं पुस्तकालय से सम्बन्धित जानकारी अवधेश कुमार वर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विद्याधरण द्विवेदी ने किया एवं आभार व्यक्त डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## कुन्दवार चौकी प्रभारी समेत 11 पुलिस कर्मी लाईन अटैच

**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश के तहत जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ ऐसे पुलिस कर्मियों को लाईन अटैच किया गया है जिनके खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज है। एसपी ने कुन्दवार चौकी प्रभारी समेत 11 पुलिस कर्मियों को रक्षित केन्द्र सिंगरौली में संबद्ध किया है। जानकारी के अनुसार एसपी मनीष खत्री ने पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिन पुलिस कर्मियों के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण विवेचना अथवा अभियोजन में अभिलंबित हैं। दुर्घटना प्रकरण को छोड़ कर तथा जिन पुलिस कर्मियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार, नैतिक अधोपतन, शारीरिक हिंसा एवं अवैध निरोध संबंधी आरोपो पर विभागीय जांच लंबित हैं। जिसमें चौकी प्रभारी कुन्दवार उपनिरीक्षक बालेन्द्र त्यागी, थाना विंध्यनगर सउनि विजय पटेल, थाना माड़ा सउनि अमित द्विवेदी, अरविन्द, थाना यातायात सउनि शिवेन्द्र सिंह, थाना मोरवा प्रधान आरक्षक विपिन तोमर, थाना जियावन आरक्षक पिपुल पाठक, थाना बरगवां आरक्षक पुष्पराज सिंह, चौकी बरका फतेबहादुर सिंह, चौकी जयंत अशोक यादव, थाना विंध्यनगर समीर धुर्वे शामिल हैं।

## सीएम आगमन के पूर्व कम्युनिस्ट एवं कांग्रेसी नेता को पुलिस ने किया नजरबंद



**सिंगरौली।** जिले के सरई ब्लॉक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आज दिन शुक्रवार की दोपहर 1 बजे प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले भाकपा के नेता संजय नामदेव एवं सरई में ओबीसी तथा कांग्रेसी नेता सुनील कुमार जायसवाल को पुलिस ने साइलेंट तरीके से हिरासत में ले लिया।

भाकपा नेता संजय नामदेव का आरोप है कि पार्टी कार्यालय माजन मोड़ स्थित जिला कार्यालय में सिंगरौली पुलिस द्वारा बिना किसी सार्वजनिक सूचना या कानूनी औपचारिकता के नजरबंद कर दिया गया। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर के उतरने से पहले की गई। कम्युनिस्ट पार्टी का कहना है कि यह कार्रवाई सरकार की डर और असहिष्णुता का प्रतीक है। पार्टी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि भाजपा सरकार विपक्षी आवाजों को दबाने के लिए प्रशासनिक शक्ति का दुरुपयोग कर रही है। वही सरई में ओबीसी एवं कांग्रेस समर्थित सुनील कुमार जायसवाल को भी पुलिस ने उन्हें के घर में नजरबंद कर दिया।

## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 204 /निर्माण/न.पा.नि./2025 रीवा, दिनांक 03/07/25

### अनाधिकृत कॉलोनी विकास के संबंध में सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत अनाधिकृत रूप से निर्मित की जा रही अवैध कालोनियों के विरूद्ध म.प्र. नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 में वर्णित प्रावधानों की कण्डिका 22 के तहत अवैध कालोनी निर्माणकर्ता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है। अतः नीचे लिखी अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनियों में क्रय किये गये भूखण्ड, कोई अन्तरण हेतु किसी भी प्रकार का करारनामा शून्य होगा। निम्न भूमियों के अंदर में कोई क्रय/विक्रय किया जाना म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292(ग) के तहत दण्डनीय अपराध है।

| क्र. | वार्ड क्र. /मोहल्ला | अवैध कालोनाइजर का नाम/पता | ग्राम/पटवारी/ तहसील/हल्का | आराजी नं. | कुल रकवा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 44 | 1. श्रीमती शशिकला मिश्रा पति श्री बसंत मिश्रा वगैरह 2. श्रीमती प्रभा मिश्रा पति श्री मंगल प्रसाद मिश्रा वगैरह पता :- ग्राम चिरहुला, तहसील हुजूर नगर रीवा (म.प्र.) हाल मुकाम :- वार्ड क्र. 44 चिरहुला कॉलोनी, पी.डब्ल्यू.डी. वर्कशाप के पीछे कान्हा पब्लिक स्कूल, रीवा (म.प्र.) | चिरहुला, तहसील हुजूर (नगर) | 273/1/2 एवं 273/1/4 | 1.1660 हे. |

उपरोक्तानुसार सर्व साधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ।

(आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)

कार्यपालन यंत्री/नोडल अधिकारी
(कालोनी सेल) जोन क्र. 04
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

# प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जिले के 1645 विद्यार्थी लाभान्वित

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मेधावी विद्यार्थियों के बैंक खाते में सिंगल क्लिक से अंतरित की राशि

### लैपटाप क्रय हेतु खाते में मिले पच्चीस-पच्चीस हजार रूपये




**सीधी।** मुख्यमंत्री लैपटाप योजना अंतर्गत कक्षा 12वीं में कक्षा में 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लैपटाप क्रय करने के लिये उनके खाते में रूपये पचीस -पच्चीस हजार प्रदान किये गये जिसमें कुसमी विकास खण्ड के 125, मझौली से 212, रामपुर नैकिन से 378, सीधी विकास खण्ड से 738 और सिहावल विकास खण्ड से 192 कुल 1645 विद्यार्थी लाभान्वित हुये। जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मंजू सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अध्यक्षता जनपद पंचायत सीधी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार द्वारा की गई। उन्होंने जिले के मेधावी विद्यार्थी सांदिपनि स्कूल कन्या सीधी की छात्रा संगीता सिंह चौहान, मॉडल स्कूल खजुरी से मानसी तिवारी, रिमझिम तिवारी, कु. अंजू गुप्ता, कु. प्रियंका सिंह, उत्कृष्ट विद्यालय सीधी से शिवांशु मिश्रा, आयूश सिंह, करिश्मा मिश्रा, ज्योति गुप्ता, शिक्षा चतुर्वेदी, और उपनी विद्यालय की आर्तिका सिंह, महक सिंह चौहान, आंचल कोरी, वरूणेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र कोरी को मोमेन्टो देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुये सीधी जिले की उपलब्धियों को विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम में एस.डी.एम. गोपद बनास नीलेश शर्मा, डी.पी.सी. राजेश तिवारी, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य शम्भूनाथ त्रिपाठी, सहायक संचालक ओशो उत्सव, जिला प्रौढ शिक्षा अधिकारी रामकृष्ण तिवारी, एडीपीसी प्रवीण शुक्ला, उत्कृष्ट विद्यालय के विजय सिंह, पुष्पराज सिंह चन्देल खुटेली, सांदिपनि विद्यालय कन्या सीधी, सीधीखुर्द विद्यालय, क्रमांक-2 सीधी एवं उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुजीत कुमार मिश्रा एपीसी रमसा द्वारा किया गया।

### विकास खण्ड स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित हुये

राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्था विकास खण्ड स्तर पर भी की गई। कुसमी विकास खण्ड अर्न्तगत शा.उ.मा.वि. टमसार, मझौली विकास खण्ड में पथरौला हायर सेकेण्डरी, रामपुर नैकिन अंतर्गत सांदिपनि स्कूल रामपुर एवं सिहावल विकास खण्ड का कार्यक्रम सांदिपनि मॉडल स्कूल सिहावल में आयोजित हुआ।

## लैपटॉप क्रय के लिए राशि मिलने से खुश हैं मानसी तिवारी

**सीधी।** प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लैपटॉप क्रय करने की राशि मिलने पर मानसी तिवारी ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजुरी की छात्रा मानसी तिवारी ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 89.4 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। मानसी ने कहा कि लैपटॉप मिलने से उसकी आगे की पढ़ाई की राह और आसान होगी। उन्होंने 12वीं कक्षा में मिली सफलता का श्रेय माता-पिता और शाला के शिक्षकों को तथा शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने राज्य शासन द्वारा लगातार किये जा रहे प्रयासों को दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दिनांक 04.07.2025 को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राज्यस्तरीय आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन समारोह में मानसी के खाते में लैपटॉप क्रय करने की राशि अंतरित की। इस समारोह का सीधा प्रसारण प्रदेश की सभी शालाओं में किया गया। मानसी तिवारी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी में समारोह के सीधे प्रसारण के दौरान मौजूद थी।

# मोहर्रम त्यौहार के दृष्टिगत कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई

**सीधी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा आदेश जारी कर 06 जुलाई 2025 को मोहर्रम के त्यौहार के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करने हुए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जारी आदेशानुसार कार्यपालिक दण्डाधिकारी राकेश कुमार शुक्ला प्रभारी तहसीलदार/ कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील गोपद बनास थाना क्षेत्र कोतवाली सीधी में लगाई गई है। इसी प्रकार एकता शुक्ला नायब तहसीलदार/ कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील गोपदबनास की ड्यूटी जमोड़ी/ सेमरिया में, इन्द्रभान सिंह प्रभारी नायब तहसीलदार/ कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील बहरी की ड्यूटी बहरी में, दिनेश तिवारी प्रभारी नायब तहसीलदार/ कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिहावल की ड्यूटी अमिलिया में, आशीष कुमार मिश्रा नायब तहसीलदार /कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील मझौली की ड्यूटी मझौली में, धन कुमार टौप्पो प्रभारी नायब तहसीलदार /कार्यपालिक दण्डाधिकारी मड़वास की ड्यूटी मड़वास में, नारायण सिंह प्रभारी नायब तहसीलदार/ कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील कुसमी की ड्यूटी कुसमी में, अमित कुमार दुवे नायब तहसीलदार/ कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील मड़वास की ड्यूटी भुईमाड़ में, महेन्द्र कुमार द्विवेदी प्रभारी नायब तहसीलदार/ कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामपुरनैकिन की ड्यूटी रामपुर नैकिन में, रामप्रताप सोनी प्रभारी नायब तहसीलदार/ कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील चुरहट की ड्यूटी चुरहट में एवं परमसुख बंसल प्रभारी नायब तहसीलदार/ कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील चुरहट की ड्यूटी कमर्जी में लगाई गई है।

जारी आदेशानुसार उपखण्ड दण्डाधिकारी समस्त अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत संबंधित एस.डी.ओ.पी एवं थाना प्रभारी से समन्वय स्थापित कर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। तहसीलदार एव नायब तहसीलदार समस्त अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं संबंधित कोटवारों से शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु प्रत्येक स्थानों में सतत निगरानी हेतु निर्देशित करें।

# जिले में औसत वर्षा 278.2 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा सिहावल में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 04 जुलाई को सीधी जिले में 21.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 8.0 मि.मी., चुरहट में 14.5 मि.मी., गोपद बनास में 4.0 मि.मी., सिहावल में 19.0 मि.मी., बहरी में 40.4 मि.मी., मझौली में 13.0 मि.मी. और कुसमी में 54.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 278.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 04 जुलाई तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 406.4 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 113.5, चुरहट में 188.0, गोपद बनास में 197.8, बहरी में 377.7 मझौली में 329.0 मि.मी. और कुसमी में 335.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 113.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 164.8 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र अभय सिंह एवं दिव्यांशु तिवारी मुख्यमंत्री के द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल में सम्मानित हुये



**सीधी।** राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिये जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दो विद्यार्थियों को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेशन सेन्टर (मिन्टो हाल) भोपाल के लिये आमंत्रित किया गया था। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सीधी जिले के विद्यार्थियों अभय सिंह एवं दिव्यांशु तिवारी द्वारा सम्मानित किया गया। बड़े टी वी स्क्रीन में उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के दोनों विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री जी के हाथों सम्मानित होते देख मंचासीन समस्त अतिथियों के साथ उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य शम्भूनाथ त्रिपाठी एवं विद्यालय परिवार प्रसन्न हुये।

उल्लेखनीय है कि जिला उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के लैपटाप प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या जिले में सर्वाधिक रहती है। जिले में कुल 1645 विद्यार्थी लैपटाप के लिये चयनित हुये है। उत्कृष्ट विद्यालय के 649 विद्यार्थियों में से जिले में सर्वाधिक 298 विद्यार्थी को लैपटाप की राशि प्राप्त हुई है। पथरौला हायर सेकेण्डरी स्कूल उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के बाद सर्वाधिक छात्र संख्या में दूसरे स्थान पर है। पथरौला स्कूल के 75 विद्यार्थियों के खाते में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा उनके बैंक खाते में राशि रूपये पच्चीस हजार ट्रांसफर की गयी।

# मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ने स्वैच्छिकता पर्व के रूप में मनाया अपना स्थापना दिवस

**सीधी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के द्वारा 4 जुलाई 2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय सीधी में श्री धर्मेंद्र सिंह परिहार जनपद अध्यक्ष सीधी तथा श्री लक्ष्मण सिंह वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता व श्री कृष्णकांत द्विवेदी शासी निकाय सदस्य मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की गरिमामय उपस्थिति में अपना स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय मिश्रा डायरेक्टर ज्योत्सना पब्लिक स्कूल एवं कार्यकारिणी सदस्य अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा की



उपस्थिति रही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश वाचन तथा उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के संदेश के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जनपद अध्यक्ष श्री परिहार ने कहा कि जन अभियान परिषद जन जन का अभियान बनकर निरंतर कार्य कर रहा है तथा आगे आने वाले समय में इसे निरंतर से आगे बढ़ाने का कार्य समाज के अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर गांव-गांव एवं परिवार परिवार तक पहुंचने का कार्य जन अभियान ने किया है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर के वीडियो के माध्यम से संदेश प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में डॉ आर एन स्वर्णकार प्राचार्य शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय सीधी तथा डॉ रावेंद्र बहादुर सिंह वरिष्ठ प्राध्यापक सीधी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री प्रवेश मिश्रा उपस्थित रहे। जिला समन्वयक जन अभियान परिषद द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत दीप प्रज्वलन के उपरांत किया गया। सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नवांकुर प्रस्फुटन एवं छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देने के साथ ही आभार प्रदर्शन विकासखंड समन्वयक अनिल पाठक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूरे जिले से प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष/सचिव, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि स्नातक एवं पर स्नातक के छात्र तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन के उपरांत शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय विद्या वन मे एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण का शुभारंभ किया गया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता रैली के साथ ही आज 50 पौधों का रोपण उपस्थित अतिथियों के द्वारा करने के उपरांत आगामी समय में 40000 पौधा रोपण का लक्ष्य लेकर जन अभियान परिषद आगे पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करेगा।

# विद्युत पेंशनर्स ने सौंपा ज्ञापन

**सीधी।** विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ शाखा सीधी के विद्युत पेंशन के द्वारा आज दिनांक 4 जुलाई को जिला कलेक्टर महोदय के कार्यालय में तहसीलदार गोपद बनास को भारत सरकार द्वारा मार्च 2025 में परित वित्त विधेयक जिसमें आठवीं वेतनमान आयोग एवं राहत आदि का लाभ देने या ना देने का अधिकार केंद्र सरकार ने अपने विवेक पर लिया है इसके विरोध में ज्ञापन सोपा



गया संगठन इस विधेयक का पुरजोर विरोध करता है इसे तत्काल वापस लिए जाने हेतु एवं वरिष्ठ जनों का सम्मान के लिए तथा उनके साथ उनके परिवार के जीविका को सुचारू रूप से चलने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया है जिसमें भीमसेन सिंह, श्याम लाल पांडे, पी.एल. गुप्ता, मोहम्मद वारिस अंसारी, रविनंदन पांडे, सीताराम दुबे, श्याम लाल सिंह, पतीराज सिंह, छोटेलाल सिंह, शिवदयाल कुशवाहा, अश्वनी कुमार विश्वकर्मा, राजरूप विश्वकर्मा, भैयालाल शर्मा, छोटेलाल शर्मा, रविंद्रनाथ गुप्ता, शीतला प्रसाद तिवारी, विजय मिश्रा, सीताराम दुबे, श्यामलाल सिंह परिहार, एच.एल. यादव एवं शेषमणि शर्मा के साथ-साथ कई अन्य विद्युत पेंशनर्स उपस्थित रहे।

## दिव्यांग छात्रों का उपकरण वितरण शिविर आज

**सीधी।** रामपुर नैकिन मे सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत जिला शिक्षा केंद्र सीधी के आदेशनुशार दिव्यांग छात्रों के अध्यापन कार्य मे आने वाली भौतिक रुकावट को दूर करने तथा स्वयं सक्षम बनाने के लिए दिनांक 5 जुलाई 2025 को जनपद शिक्षा केंद्र रामपुर नैकिन मे दिव्यांग बच्चों के लिए उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर मे उन दिव्यांग छात्रों को उपकरण प्रदान किये जायेंगे जिन छात्र-छात्राओं ने दिसंबर 2024 के चिकितस्किय मुल्यांकन शिविर मे भाग लिया था और जिनको उपकरण हेतु चिन्हित किया गया था। शिविर की

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में 'एक पेड़ मॉ के नाम' के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**सीधी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में 'एक पेड़ मॉ के नाम' के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम एनएसएस प्रभारी डॉ. प्रतिमा कौल के संयोजन एवं प्राचार्य डॉ. देवेन्द्र कुमार सोनी के संरक्षण में नवीन भवन परिसर में आयोजित हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा छात्राओं को बताया गया कि आज आपके द्वारा लगाया गया एक पौधा कल सौ लोगो को प्राणवायु प्रदान करेगा।

एनएसएस प्रभारी ने बताया कि संस्था से पढ़कर जाने के बाद जब कभी आप इस महाविद्यालय में आएगे तो ये



पेड़ आपका अतीत स्मरण कराएगें। ''मॉ की ममता पेड़ का दान, दोनो करते जन कल्याण'' पंक्तियों के साथ इस कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. नागेन्द्र सिंह, डॉ. अनिलेश वर्मा, डॉ. नवीन सिंह, डॉ. दिलीप यादव, डॉ. पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह, डॉ. सूरज सिंह, श्री ज्ञान प्रकाश पटेल, डॉ. रावेन्द्र यादव, डॉ. प्रीती सतनामी, डॉ. प्राची सिंह एवं महाविद्यालय की छात्रायें उपस्थित रही।

# संजय गांधी महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित

**सीधी।** संजय गांधी महाविद्यालय का अंग्रेजी विभाग सबसे चर्चित विभाग माना जाता है। जहां के बच्चे आज अपनी सेवा कई विद्यालय और विश्वविद्यालय में दे रहे है। सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अंग्रेजी विभाग विद्यार्थियों के जीवन को पूर्ण रूप से बदलने और संवारने के लिए जाना जाता है। यहां से निकलते हुए छात्र-छात्रा अपने साथ प्रकाश लेकर निकलते है, लेकिन यहां से निकलते हुए हमेशा विद्यार्थियों की आँखें नम रहती है, चूंकि यहां पढ़ाने वाले प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार सिंह बच्चों के भविष्य के लिए विभाग का वातावरण बड़े विश्वविद्यालयों की तरह बनाने के हमेशा प्रयासरत रहते है। प्रो. अनिल सिंह हर छात्र छात्रा में अपना बेटा और बेटी पाते है और उन्हें ज्ञान देकर डांटकर , समझाकर और उन्हें संसार से अवगत कराकर प्रतियोगिता के लिए संसार में छोड़ देते है। वहीं हमे यह जानकर खुशी होती है की प्रो. अंकिता सोनी इसी महाविद्यालय में पढ़कर अब प्रोफेसर की परीक्षा पास करके यही बच्चों का भविष्य संवारने का काम कर रही हैं। विद्यार्थियों के लिए प्रो. अंकिता सोनी रोल मॉडल की तरह है। हर छात्र छात्रा उनमें अपना भविष्य देखते है। अतिथि विद्वान के रूप में रीतू साहू, अर्चना सिंह का योगदान भी विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है।

इस समारोह में विद्यार्थियों ने स्वरचित कविताओं का पाठ किया जिनमें सीखा कचेर ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए, अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव को साझा किया, संचालन में सहयोग कर रहे। शशांक पाण्डेय ने अपने कक्षा के अनुभवों को साझा किया, प्रवेश शुक्ला एवं साक्षी पाठक ने अपनी कविताओं से सब को रोमांचित किया। शुभांजलि द्विवेदी एवं शिवानी मिश्रा ने शिक्षकों के योगदान को एक बेहतर भविष्य की बड़ी निव बताया।

प्रो. सिंह ने प्रत्येक छात्र-छात्रा की शिक्षा को, अपने जीवन का प्राथमिक लक्ष्य समझते हैं एवं इसी के लिए प्रयासरत रहते हैं। शिक्षा पर जोर देते हुए प्रो. सिंह ने जीवन की गहराइयों को समझाया, बेशक ये पल उनके लिए भी भावुक कर देने वाला था। कार्यक्रम का आभार प्रकट करते हुए मयंक सिंह ने अंग्रेजी विभाग की गुणवत्ता और इससे आए जीवन में बदलाव का विवरण दिया एवं सभी शिक्षकों के इस अविरल सहयोग को सराहा।

# साधारण बच्चों के समान दिव्यांग बच्चों का भी विकास हो : टेकाम

### कुसमी में दिव्यांग छात्रों को उपकरण वितरण शिविर संपन्न

**सीधी।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल एवं जिला शिक्षा केंद्र सीधी के आदेशानुसार दिनांक 4 जुलाई 2025 को विधायक धौहनी श्री कुंवर सिंह टेकाम के मुख्य आतिथ्य में तथा जनपद अध्यक्ष श्रीमती श्यामवती सिंह की उपस्थिति में दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती जी की अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात बीआरसीसी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी द्वारा विकास खण्ड के कुल दिव्यांग छात्र छात्राओं की जानकारी दी गई तथा चिन्हांकित बच्चों को क्या सामग्री प्रदाय किया जाना है विस्तार से



जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 33 छात्र-छात्राओं को सहायक उपकरण का वितरण किया गया। जिसमें ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, एमआर किट, बैसाखी, श्रवण यंत्र, कैलीपर आदि शामिल हैं।

विधायक श्री टेकाम जी ने कहा कि जो छात्र दिव्यंगता की श्रेणी में आते हैं उनके लिए मध्यप्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था हेतु सभी संसाधन उपलब्ध करा रही है। ऐसे प्रत्येक बच्चे की पहचान कर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए फिर से एलिमिको कंपनी के सहयोग से चिन्हांकन का कार्य कराया जावेगा। साथ ही पुनः आवश्यकतानुसार उपकरण वितरण कराया जावेगा। प्रत्येक बच्चा साधारण बच्चों की भांति शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ सके यह शासन की मंशा है। हर बच्चा महत्वपूर्ण है तथा यह उपकरण बच्चों को आगे बढ़ने में मदद करेंगे। सभी लोग मिलकर ऐसे बच्चों को आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग करें।

जनपद अध्यक्ष श्रीमती श्यामवती सिंह ने कहा कि मेरे विकासखंड के सभी दिव्यांग बच्चों के लिए उपकरण दिया जा रहा है यह मध्यप्रदेश शासन की बहुत अच्छी पहल है। सामग्री प्राप्त होने पर बच्चों तथा अभिभावकों को एक अच्छा प्रोत्साहन मिलेगा।

कार्यक्रम में तहसीलदार कुसमी नारायण सिंह, शेषमणि मिश्र वरिष्ठ समाज सेवक, राजकुमार तिवारी वरिष्ठ समाज सेवक, एलिमको कंपनी जबलपुर के तकनीशियन, प्रभारी आई ई डी राजेश तिवारी, प्रभारी बीएसी नीलेश विश्वकर्मा, एमआरसी सुदामा पटेल तथा विवेक कुमार मिश्र, जनशिक्षक संजय कुमार सिन्हा, मोहनलाल पनिका, रामेश्वर साकेत, बीरेंद्र प्रताप सिंह, बीरेश सिंह, श्रीभान जायसवाल, डीईओ रमेश तिवारी तथा संबंधित विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# लड़ाई पर मिला साथ

पहलगाम आतंकी हमले पर क्वाड के सदस्य देशों का संयुक्त बयान भारत की आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता की कोशिशों को मजबूती देता है। शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन के सम्मेलन में जो हुआ था, उसे देखते हुए यह बयान भारत के लिए कूटनीतिक जीत है और पाकिस्तान के लिए झटका। ऑपरेशन सिंदूर के बाद क्वाड - भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान के विदेश मंत्रियों की यह पहली बैठक थी। मीटिंग के पहले भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने उम्मीद जताई थी कि आतंकवाद को लेकर भारत के रुख को त्त्हइुस्त्र के सदस्य देश समझेंगे। उन्होंने दुनिया से आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस की अपील की थी। संयुक्त बयान इसी भावना को दर्शाता है। क्वाड के साझा बयान में भले ही पाकिस्तान का नाम न हो, लेकिन सीधा संदेश उसी के लिए है। भारत पहले ही सारे सबूत सामने रख चुका है, जो बताते हैं कि पहलगाम के पीछे पाकिस्तान का हाथ था - वहीं साजिश रची गई और वहीं से आतंकी आए। अब बयान में साजिशकर्ताओं, हमलावरों और फंडिंग करने वालों को सजा दिलाने की मांग की गई है - साथ ही संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से आह्वान किया गया है कि वे जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत मिलकर काम करें। यानी, क्वाड भी मान रहा है कि पहलगाम की साजिश विदेशी जमीन पर रची गई और इससे भारत का पक्ष मजबूत होता है। यह बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि इस मंच का एक सदस्य देश अमेरिका है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और बाद में भी वॉशिंगटन ने मामले को जिस तरह लिया था, उससे भारत में सही संदेश नहीं गया। ट्रंप प्रशासन ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद को एक तराजू में रखकर बात की थी, जबकि भारत का साफ कहना है कि आतंकवाद के प्रायोजक और पीड़ित को एक नजर से नहीं देखा जाना चाहिए। चूंकि क्वाड के बयान में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की भी सहमति है, तो माना जा सकता है कि शायद अमेरिका का रुख अब बदला हो। कुछ दिनों पहले हुई शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन की मीटिंग में संयुक्त बयान जारी नहीं हो सका था। भारत का प्रस्ताव था कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले को संयुक्त बयान में शामिल किया जाए, तब चीन और पाकिस्तान ने मिलकर इसका विरोध किया। लेकिन, चीन हर जगह पाकिस्तान को नहीं बचा सकता।

# टीएमसी नेताओं की निर्लज्ज टिप्पणियों से उठा विवाद

**कोलकाता में कानून की एक छात्रा से सामूहिक दुराचार-गैंगरेप का मुद्दा एक बार फिर पश्चिम बंगाल में जितना बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनने लगा है उतना ही बड़ा नारी उत्पीड़न का मुद्दा बनकर उभर रहा है। इस मामले में पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं की अनर्गल एवं निर्लज्ज टिप्पणी स्त्री की मर्यादा, सम्मान एवं अस्मिता के खिलाफ शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण व संवेदनहीन प्रतिक्रिया है। इन नेताओं ने गैंगरेप मामले पर विवादित बयान से राज्य एवं देश में भारी जनाक्रोश पैदा हो गया था। विशेषतः राजनेताओं के बयानों एवं सोच में एक बार फिर शर्मनाक ढंग से पीड़िता पर दोष मढ़ने की बेशर्म कोशिश की गई है।**

(ललित गर्ग)

भारत ही ऐसा देश है, जहां महिलाओं की अस्मिता एवं अस्तित्व को तार-तार करने वाले नेताओं के निर्लज्ज बयानों के बावजूद उन पर कोई ठोस, सख्त एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होती। जबकि विश्व के अन्य देशों में ऐसा नहीं है।

कोलकाता में कानून की एक छात्रा से सामूहिक दुराचार-गैंगरेप का मुद्दा एक बार फिर पश्चिम बंगाल में जितना बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनने लगा है उतना ही बड़ा नारी उत्पीड़न का मुद्दा बनकर उभर रहा है। इस मामले में पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं की अनर्गल एवं निर्लज्ज टिप्पणी स्त्री की मर्यादा, सम्मान एवं अस्मिता के खिलाफ शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण व संवेदनहीन प्रतिक्रिया है। इन नेताओं ने गैंगरेप मामले पर विवादित बयान से राज्य एवं देश में भारी जनाक्रोश पैदा हो गया था। विशेषतः राजनेताओं के बयानों एवं सोच में एक बार फिर शर्मनाक ढंग से पीड़िता पर दोष मढ़ने की बेशर्म कोशिश की गई है। इस मामले में सत्तारूढ़ टीएमसी पार्टी अन्दर एवं बाहर दोनों मोर्चों पर घिरती हुई नजर आ रही है। जहां इस मामले में पार्टी के अन्दर गुटबाजी एक बार फिर सामने आयी है, वहीं भाजपा आक्रामक रूप से ममता सरकार को घेर रही है। टीएमसी की महिला नेत्री महुआ मोइत्रा टीएमसी नेताओं कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा के उन बयानों पर निराशा व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया है कि इन राजनेताओं के बयान में स्त्री-द्वेष पार्टी लाइन से परे है।

यह एक बदतर स्थिति है कि जिस पार्टी के नेताओं ने ये दुर्भाग्यपूर्ण बयान दिए हैं, उस पार्टी की सुप्रीमो एक महिला ही है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि ममता बनर्जी जैसी तेजतर्रार मुख्यमंत्री के शासन और नेतृत्व के वर्षों के दौरान टीएमसी के भीतर नारी सम्मान एवं अस्मिता को लेकर संवेदनशीलता लाने और मानसिकता में बदलाव लाने के प्रयास विफल होते नजर आ रहे हैं। अकसर महिलाएं और महिला राजनेता पुरुष नेताओं के हाथों अश्लील, अभद्र और तौहीन भरी टिप्पणओं की शिकार होती रही हैं। ऐसे बयानों के बावजूद अकसर ये राजनेता किसी कठोर कार्रवाई की बजाय हल्की फुल्की फटकार के बाद बच निकलते हैं। ये बयान कभी महिलाओं की बॉडी शेमिंग करते नज़र आते हैं तो कभी बलात्कार जैसे गंभीर अपराध को मामूली बताने की कोशिश करते हुए नजर आते हैं। इसके साथ ही ये चिन्ताजनक संदेश भी जाता है कि महिलाओं के बारे में हल्के और आपत्तिजनक बयान देना विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के लिये सामान्य बात है।



जब किसी देश की बेटियां न्याय का अध्ययन कर रही हों और वहीं उनके साथ अन्याय की पराकाष्ठा हो तो यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि पूरे समाज, व्यवस्था और सोच के लिए एक जघन्य आइना बन जाती है। प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज की छात्रा के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की घटना ने न केवल राजनीतिक सोच एवं कानून के मंदिरों को शर्मसार किया है, बल्कि हर संवेदनशील मन को झकझोर दिया है। पीड़िता एक लॉ कॉलेज में अध्ययनरत छात्रा थी, जो अपने उज्ज्वल भविष्य के सपनों के साथ शिक्षा के पथ पर अग्रसर थी। घटना की रात वह अपने कुछ परिचितों के साथ बाहर थी, जिनमें से ही कुछ ने उसकी अस्मिता को रौंद डाला। उसे नशा दिया गया और फिर सुनसान स्थान पर ले जाकर कई लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है, लेकिन सवाल यह है कि जब कानून पढ़ने वाली लड़की खुद असुरक्षित है, तो आम महिलाएं कैसे सुरक्षित होंगी? क्या यह कानून की शिक्षा देने वाली संस्थाओं एवं शासन करने वाली सत्ताओं के लिए आत्ममंथन का समय नहीं है? ऐसी घटनाओं पर निर्भया कांड के बाद बने कानूनों का सख्ती से पालन हो। रेप को सिर्फ एक 'जुर्म' नहीं, 'राष्ट्रीय आपदा' माना जाए, और उसकी रोकथाम के लिए शिक्षा, संस्कार और तकनीकी सुरक्षा साधनों को प्राथमिकता दी जाए। कोलकाता की लॉ छात्रा की यह दर्दनाक घटना हमें चेताती है कि केवल कानून बना लेना काफी नहीं, जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक बेटियां असुरक्षित रहेंगी। यह केवल एक छात्रा की लड़ाई नहीं, बल्कि हर बेटी की सुरक्षा की लड़ाई है। न्याय तब होगा जब ऐसी घटनाएं रुकेंगी और उसके लिए हमें मिलकर लड़ना होगा।

सबसे दुखद पहलू यह है कि अनेक बार ऐसी घटनाओं में समाज चुप रहता है, पीड़िता को दोषी ठहराने की कोशिश की जाती है। सोशल मीडिया पर तंज, मीडिया ट्रायल और व्यक्तिगत चरित्रहनन जैसी बातें पीड़िता को न्याय से अधिक पीड़ा देती हैं। पीड़िता के लिये यह पीड़ा तब और बढ़ जाती है जब उनके जन-प्रतिनिधि निर्लज्ज बयानबाजी करते हैं। विडंबना यह है कि पीड़िता के प्रति निर्लज्ज बयानबाजी अकेले पश्चिम बंगाल का ही मामला नहीं है, देश के अन्य राज्यों में भी ऐसी संवेदनहीन टिप्पणियां सामने आती रही हैं। यदि इक्कीसवीं सदी के खुले समाज में हम महिलाओं के प्रति संकीर्णता की दृष्टि से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं, तो इसे विडंबना ही कहा जाएगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कि ये वे लोग हैं जिन्हें जनता अपना नेता मानती है और लाखों लोग उन्हें चुनकर जनप्रतिनिधि संस्थाओं में कानून बनाने व व्यवस्था चलाने भेजते हैं। देश में बढ़ रही यौन-शोषण, रेप एवं नारी दुराचार की घटनाओं को देखते हुए जन-प्रतिनिधियों को ज्यादा संवेदनशील होने की अपेक्षा की जाती है। बड़ा प्रश्न है कि आखिर किसी राजनेता को हर महिला के साथ हुए दुर्व्यवहार और यौन शोषण को असंवेदनशील तरीके से देखने की छूट क्यों एवं कैसे मिल जाती है।

भारत ही ऐसा देश है, जहां महिलाओं की अस्मिता एवं अस्तित्व को तार-तार करने वाले नेताओं के निर्लज्ज बयानों के बावजूद उन पर कोई ठोस, सख्त एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होती। जबकि विश्व के अन्य देशों में ऐसा नहीं है। जैसे 2017 में ब्रिटेन के एक पार्षद के सामान्य से बयान पर अच्छा खासा बवाल मचा था। पार्षद ने सांसद का चुनाव लड़ रही एक गर्भवती महिला राजनेता के बारे में कह दिया था, 'वो गर्भवती हैं और उनका समय तो नैपी बदलने में ही बीत जाएगा, वो आम लोगों की आवाज़ क्या उठाएंगी?' इसके लिए पार्षद को माफ़ी मांगनी पड़ी। ब्रिटेन जैसे कई देशों में अकसर ऐसे बयानों पर कार्रवाई होती है। मिसाल के तौर पर 2017 में ही यूरोपियन संसद के एक सांसद ने बयान दिया था कि महिलाओं को कम पैसा मिलना चाहिए क्योंकि वो कमज़ोर, छोटी और कम बुद्धिमान होती हैं।' इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था और उन्हें मिलने वाला भत्ता भी बंद हो गया था।

कोलकाता की लॉ छात्रा मामले में टीएमसी नेताओं की टिप्पणियां निस्संदेह निंदनीय हैं, लेकिन पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा भी कड़े शब्दों में इसकी निंदा की जानी चाहिए। ममता बनर्जी के सामने एक और चुनौती है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज बलात्कार- हत्याकांड और उसके बाद देश भर में उपजा आक्रोश अभी भी यादों में ताजा है। निस्संदेह, केवल टिप्पणियों से पार्टी को अलग कर देना ही पर्याप्त नहीं है। सार्वजनिक जीवन में नारी सम्मान एवं जीवन-मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों के लिये परिणाम तय होने चाहिए। अन्यथा समाज में ये संदेश जाएगा कि ऐसे कुत्सित प्रयासों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होती है। किसी अपराध की रोकथाम अच्छे शासन की अनिवार्य शर्त बनना चाहिए लेकिन जब कोई अपराध होता है तो प्रभावी प्रतिक्रिया भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। टीएमसी दोनों ही मामलों में विफल प्रतीत होती है। ऐसे मामलों में अत्याचार करने वालों की ही भांति अत्याचार का समर्थन करने वाले दोषी है। अत्याचारियों के लिये ही त्वरित न्याय और सख्त सजा जरूरी है लेकिन जन-प्रतिनिधि की निर्लज्ज बयानबाजी भी अपराध के दायरे में होनी चाहिए। आजीवन शोषण, दमन, अत्याचार, अवांछित बर्ताव और अपमान की शिकार रही भारतीय नारी को अब ऐसे और नये-नये तरीकों से कब तक जहर के घूंट पीने को विवश होना होगा। अत्यंत विवशता और निरीहता से देख रही है वह यह क्रूर अपमान, यह वीभत्स अनादर, यह दूषित व्यवहार एवं संकुचित न्याय। न्याय एवं राजनीति की चौखट पर भी उसके साथ दोयम दर्जा एवं दुराग्रहपूर्ण सोच बदलना सर्वोच्च प्राथमिकता हो। यदि हम सच में नारी के अस्तित्व एवं अस्मिता को सम्मान देना चाहते हैं तो ईमानदार स्वीकारोक्ति, पड़ताल एवं निष्पक्ष न्याय से ही यह संभव होगा।लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# अपराधियों से निपटने में विफल नीतिश सरकार देगी हथियार लाइसेंस

(योगेंद्र योगी)

बिहार सरकार ने यह फैसला राज्य में पंचायत प्रतिनिधियों पर हमले और हत्याओं की बढ़ती घटनाओं के कारण लिया है। इसके विपरीत सच्चाई यही है कि ऐसा करके नीतिश सरकार ने ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को साधने की कोशिश की है।

राजनीतिक दल सत्ता प्राप्ति के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। इससे बेशक राज्य का चाहे कितना ही नुकसान क्यों ना हो। बिहार जैसा प्रदेश जो एक दौर में नस्लवाद और जातीय हिंसा के लिए कुख्यात रहा, अब भी अपराधों के मामले में पीछे नहीं है। बिहार में सत्ता में कोई भी राजनीतिक दल रहा हो, अपराधों से सभी का गहरा रिश्ता रहा है। बिहार में कानून-व्यवस्था हमेशा से एक चुनौती रही है। हालात यह है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने में नाकाम रही है। इसका सरकार ने आसान विकल्प खोज लिया है। वह यह है कि अब मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य जैसे जनप्रतिनिधि आत्मरक्षा के लिए लाइसेंसी हथियार रख सकेंगे। जिससे लगभग ढाई लाख जनप्रतिनिधियों को फायदा मिलेगा। राज्य के गृह विभाग ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में आवेदनों की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश जारी किया है। बिहार में आगामी चंद महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में नीतिश सरकार के इस फैसले को चुनाव से जोड़ कर देखा जा रहा है।

बिहार सरकार ने यह फैसला राज्य में पंचायत प्रतिनिधियों पर हमले और हत्याओं की बढ़ती घटनाओं के कारण लिया है। इसके विपरीत सच्चाई यही है कि ऐसा करके नीतिश सरकार ने ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को साधने की कोशिश की है। यदि नीतिश कुमार के इस फैसले को पंचायत प्रतिनिधियों की सुरक्षा के हित में भी माना जाए तब यह प्रदेश में अपराध की हालत को दर्शाता है। जिस प्रदेश में जनप्रतिनिधी ही सुरक्षित नहीं हैं, वहां आम अवाम की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा। सवाल यह भी है कि लाखों की संख्या में हथियारों के लाइसेंस देने से क्या राज्य में हिंसा में बढ़ोत्तरी नहीं होगी। बिहार में यदि पुलिस तंत्र प्रभावी और मजबूत होता तो यह नौबत नहीं आती कि लाखों जनप्रतिनिधियों को हथियारों के लिए लाइसेंस दिया जाए। इससे जाहिर है कि मुख्यमंत्री नीतिश ने अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के बजाए हथियारों के लाइसेंस देने का आसान विकल्प चुना है। बड़ा सवाल यह भी है कि जनप्रतिनिधी अपनी सुरक्षा हथियारों से कर लेंगे, किन्तु प्रदेश की अवाम का क्या होगा।

मुख्यमंत्री नीतीश का यह फैसला दर्शाता है कि बिहार में कानून-व्यवस्था लगभग ध्वस्त हो चुकी है। बिहार पुलिस हिंसक अपराध के मामलों में आई तेजी है। बिहार में पिछले 10 वर्षों में राज्य में फर्जी शस्त्र लाइसेंस, अवैध बंदूक और गोला व बारूद की अनाधिकृत तौर पर बिक्री बढ़ी है और यह प्रदेश में बढ़ रही हिंसा की बड़ी वजह है। राज्य के अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने इस दिशा में एक अध्ययन भी किया है। बिहार पुलिस ने यह अध्ययन बिहार पुलिस के महानिदेशक विनय कुमार को सुपर्द किया। पुलिस ने राज्य में हिंसक अपराधों में वृद्धि को सीधे तौर पर राज्य में अवैध हथियारों और गोला-बारूद की बढ़ती बिक्री से जोड़ा है और हत्या, फिरौती के लिए अपहरण, डकैती, लूट, बैंक डकैती और सड़क डकैती जैसे अपराधों के लिए इसे जिम्मेदार माना है। एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो) के अनुसार, बिहार 2017 से 2022 के बीच हिंसक अपराधों के मामले में लगातार शीर्ष पांच राज्यों में शुमार रहा है। इस अध्ययन में यह बात सामने आई कि प्रति वर्ष पटना में 82 हिंसा के मामले औसतन रूप से सामने आए हैं और राज्य की राजधानी हिंसा की राजधानी बन चुकी है। पटना के बाद क्रमशः मोतिहारी में 49.53, सारण 44.08), गया 43.50, मुजफ्फरपुर 39.93 और वैशाली में 37.90 मामले प्रति वर्ष औसतन दर्ज किए जा रहे हैं। हिंसक अपराधों की सबसे अधिक संख्या वाले शीर्ष 10 जिलों में पटना, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, नालंदा और बेगूसराय शामिल हैं। ये उन शीर्ष 10 जिलों में से भी हैं जिनमें सबसे अधिक आर्म्स एक्ट के मामले हैं। अध्ययन में यह निष्कर्ष निकाला गया है कि अवैध आग्नेयास्त्र और हिंसक अपराध के मामलों के बीच घनिष्ठ संबंध है। एक दशक के अपराधों के अध्ययन के आधार पर विशेष कार्य बल ने बिहार के डीजीपी से सिफारिश की है कि वे व्यक्तिगत गोला-बारूद कोटा को मौजूदा 200 से घटाकर न्यूनतम कर दें। साथ ही यह भी सिफारिश की गई है कि डीजीपी कार्यालय आग्नेयास्त्रों का उपयोग करने में असमर्थ मानता है, उनके लाइसेंस रद्द कर दे। लाइसेंस प्राप्त मिनीगन कारखानों की निगरानी करें। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में भारत में अपराधों के मामलों में शीर्ष पर उत्तर प्रदेश रहा। इसके बाद अपराधों के पायदान पर क्रमशः केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली और बिहार है। अपराधों की श्रेणी में चोरी के मामले सबसे ज्यादा दर्ज किए गए। इसके बाद दूसरे नंबर पर डकैती और उत्पीडन् के मामले सामने आए। अपराधों में आंकड़ों के लिहाज से तीसरे नंबर बलात्कार के मामले दर्ज किए गए। इस मामले में चिंता की बात यह है कि इसमें वर्ष 2023 के मुकाबले 1.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है जबकि अपहरण के मामलों में पिछले वर्ष के मुकाबले 5.1 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

बिहार सरकार द्वारा जारी बिहार आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के खिलाफ किए गए अपराधों से संबंधित दर्ज और निपटाए गए मामलों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में 2021-22 में क्रमशः 13.05 प्रतिशत और 19.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021-22 में दर्ज सभी मामलों में से घरेलू हिंसा के लिए सबसे ज़्यादा 4,889 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद दहेज उत्पीडन् (787), यौन उत्पीडन् (116), दूसरी शादी (81), मोबाइल/साइबर से जुड़े अपराध (59), बाल विवाह (24), कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन् (22), मानव तस्करी (12), दहेज हत्या (5) और अन्य (1,297) दर्ज किए गए। 2021-22 में 86 प्रतिशत दर्ज मामलों का निपटारा किया गया, जबकि 2020-21 में यह 82 प्रतिशत था। बिहार के डीजीपी विनय कुमार ने आंकड़े और आबादी के आधार पर दावा किया है कि 2004 के मुकाबले 2025 में अपराध में भारी गिरावट आयी है। लालू सरकार के काल खंड से तुलना करते हुए डीजीपी ने कहा कि 20-21 साल पहले सालाना 500- 1000 फिरौती के लिए अपहरण के मामले दर्ज होते थे। अब यह आंकड़ा 50 के आसपास है। डकैती के मामलों में भी पहले 1200 से अधिक वार्षिक घटनाएं होती थीं, जो अब घटकर 150 के करीब पहुंच चुकी हैं। गौरतलब है कि बिहार पहले से ही भ्रष्टाचार को लेकर बदनाम रहा है। लालू सरकार के चारा और जमीन के बदले में रेलवे में नौकरी को लेकर लालू यादव जेल में हैं। नीतिश कुमार से उम्मीद थी कि बिहार में भ्रष्टाचार और अपराधों में सुधार होगा। किन्तु जिस तरह हथियारों की संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है, उससे बिहार का भविष्य उज्जवल नजर नहीं आता।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## वर्ग पहेली 5782

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | | ■ | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | 7 | ■ | 8 | | 9 |
| 10 | 11 | 12 | ■ | 13 | ■ | 14 | |
| 15 | | | 16 | | ■ | 17 | |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | ■ |
| 20 | | ■ | | ■ | 21 | 22 | 23 |
| 24 | | | | ■ | 25 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. भारत के राज्य का प्रथम राज्यपाल होने का गौरव इस महिला को प्राप्त है (7)
6. पहाड़ी ने नीचे की घाटी का मैदान (3)
7. वस्तु, पदार्थ, द्रव्य, चीज (उर्दू)(1)
8. यह नेपाल और बिहार में बहने वाली नदी है जिसे नेपाल में सालिग्रामी कहते है (3)
10. दुर्घटना, अनेहानी, विपदा (3)
14. अवनमित, वक्र टेढ़ा (2)
15. जिसके दिल में रहम या करूणा का भाव हो, कृपालु, दयालु (5)
17. शब्दब्रह्म, अर्ध महाकल्प (2)
18. उमंग, मौज, तरंग (3)
20. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
21. पूर्व और उत्तर के मध्य का कोना (3)
24. जल में विचरण करने वाली प्राणी (4)
25. बलमा, प्रेमी, साजन, 1951 की देवानंद और सुरैया अभिनीत एक फिल्म (3)

**ऊपर से नीचे**

1. चिर नवीन, चिरयुवा (5)
2. देह के बाल, रोआं (2)
3. जिस का बहुवचन, एक बिलायती मदिरा (2)
4. अम की पहाड़ी जंगलों में रहने वाली एक जाति, अनुपिस्थति, गैर हाजिरी (2)
5. यह टूर्नामेंट एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना टूर्नामेंट है (5)
9. काजल शब्द का अपभ्रंश (3)
11. ज्वलनशील, जलने वाला (5)
12. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
13. समझौता, संधि, मुआहिदा (3)
16. प्रेमपात्र, माशूक, दिल उड़ा ले जाने वाला (उर्दू)(4)
19. धनवान, धनाढ्य (3)
20. कारण, मंगलोत्सव, बटन का घर (2)
22. तड़क-भड़क, ठाट-बाट, वैभव (2)
23. हल्का गीला, आर्द्र, नमस्कार, त्याग (2)

### वर्ग पहेली 5781 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ऊ | दी | अ | र | ब | ■ | म |
| ग | ब | न | ■ | क | या | म | त |
| र | ■ | ए | त | बा | र | ■ | ल |
| ■ | ■ | इ | न | ■ | ■ | बॉ | बी |
| ■ | गु | ला | ब | ■ | र | बी | ■ |
| ■ | श | ही | द | ■ | ■ | दे | र |
| व | ■ | ■ | न | बी | ■ | ओ | स |
| ह | वा | ना | ■ | ■ | ज | ल | द |

# संविधान की उद्देशिका

(रमेश जोशी)

जिसे चारों दिशाओं का होश नहीं, जो दसवीं में तीन कोशिशों के बाद थर्ड डिवीजन से एनटायर मेट्रिक पास हुआ, जो अपने बाप का नाम तक सही लिख नहीं सकता, जो दुनिया के नक्शे में तत्काल भारत और अपना शहर नहीं ढूँढ़ सकता, जिसे दिन-रात, सूर्य-चंद्रग्रहण और सौर-मण्डल के बारे में सही से पता नहीं वह भी नीचे से पाद और ऊपर से मूली की डकार की तरह संविधान में संशोधन का सुझाव तो दे ही देता है। और बड़े बड़े पदों पर बैठे तथाकथित अपने को कानून का ज्ञाता कहने वाले लेकिन अक्ल से पैदल चापलूस लोग भी उनका समर्थन करने लग जाते हैं तो बड़ी चिंता होती है।संविधान न हुआ गली का खजुआ कुत्ता हो गया जिसे आते जाते कोई भी लफंगा लात मार जाता है।

समय समय पर जनता का जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाने के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में आजकल संविधान में संशोधन पर बात चल रही है। इसलिए मित्रों से कई आलेखों का आदान-प्रदान हो जाता है जिनमें संविधान का प्रीऐम्बल भी आ जाता है जिसका हिन्दी अनुवाद 'उद्देशिका' किया गया है। मैं अभी तक उसे संविधान की प्रस्तावना मानता आया था। वैसे किसी भी पुस्तक से पहले उसके परिचय/सार के बतौर लेखक या कोई विद्वान जो कुछ लिखता है जिसे प्रस्तावना, आमुख, भूमिका आदि भी कहा जाता है। आमुख प्री फेस का बढ़िया अनुवाद है। जैसे नई बहू की मुँह दिखाई। सम्पूर्ण व्यक्तित्व और समस्त गुणावगुण का धीरे-धीरे आगे पता चलता है।

संविधान में विभिन्न अध्यायों की सूची के बाद संविधान की 'उद्देशिक' आती है जो 'हम भारत के लोग से शुरू होकर आत्मार्पित करते हैं' पर समाप्त होती है।

सामान्य रूप से हिन्दी में 'उद्देश्य' शब्द प्रचलित है। इसलिए उद्देश्य से ''उद्देश्यिका' बनना चाहिए। इसलिए अभ्यासवश 'उद्देशिका' अशुद्ध लगा।

एक बार जिज्ञासा होने पर आदमी को एक खास तरह की बेचैनी हो जाती है। उसी बेचैनी के तहत कई मित्रों से बात हुई। खुद भी शब्दकोश देखे जिनमें 'उद्देश्य' तो मिला लेकिन ''उद्देश्यिका' नहीं मिला। मिला तो 'उद्देशिका' भी नहीं लेकिन 'उद्देश्य' के साथ 'उद्देश' भी मिला। दोनों की संस्कृत के शब्द और दोनों ही समानार्थक। तो समाधान हुआ कि 'उद्देशिका' गलत नहीं है लेकिन ''उद्देश्यिका' क्यों नहीं ?

हो सकता है किसी ने ध्यान नहीं दिया हो और ध्यान दिया हो तो जिज्ञासा या बेचैनी नहीं हुई हो। वैसे भी आजकल व्यवस्था ने लोगों को स्वर्ग-नर्क, धर्म,गर्व, स्वाभिमान,जातीयता, हिन्दुत्व की इतनी बड़ी समस्याओं के तत्काल समाधान की जिम्मेदारी सौंप दी है कि 'उद्देशिका' या ''उद्देश्यिका' जैसे फालतू विषयों के लिए समय और शक्ति कुछ नहीं बचते।

हो सकता है ''उद्देश्यिका' के स्थान पर 'उद्देशिका' का चयन करने वाले विद्वानों ने सरलता और मुखसुख का सिद्धांत अपनाया हो। ''उद्देशिका की बजाय ''उद्देश्यिका' बोलने में जीभ ऐंठती है। लेकिन फिर इसी सुख के लिए 'सांख्यिकी' और 'अंतराज्यीय' को बख्श दिया। वैसे सांखिकी भी उद्देशिका की तरह अटपटा तो लगता। कभी कभी कठिन का चुनाव भी सुखद लगता है। वैसे लोग कह सकते हैं कि क्या फ़र्क पड़ता है। लेकिन फ़र्क पड़ता तो है। कम से कम एक नया शब्द जान लेने का सुख तो मिलता है। शायद ज्ञान के इसी सुख के कारण ऋषि लँगोटी में भी खुश थे।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# आज का राशिफल

**मेष**

आज धन और कार्यक्षेत्र के लिहाज से व्यस्त रहेगा। आपके ऊपर कई जिम्मेदारियां रहेंगी, लेकिन आप उन्हें कुशलतापूर्वक निभाएंगे। नई व्यापारिक डील्स फाइनल हो सकती हैं। सरकारी सेवा या प्रशासन से जुड़े लोगों को अतिरिक्त जिम्मेदारी के साथ पदोन्नति के संकेत हैं। नौकरी में सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा।

**वृष**

आज ग्रहों की दशा शुभ होगा। शुक्र का प्रभाव आपको आत्मविश्वास से भर देगा, लेकिन साथ ही खर्चों में भी वृद्धि करेगा। कार्यक्षेत्र में पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। कोई अधूरा प्रॉजेक्ट आगे बढ़ सकता है। कारोबार में यदि कुछ नए आइडिया पर काम कर रहे हैं तो निवेश करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल करें।

**मिथुन**

आज किस्मत साथ दे रही है। कार्यक्षेत्र में आपके तर्क और विश्लेषण की क्षमता से सभी प्रभावित होंगे। बौद्धिक श्रम करने वालों जैसे लेखक, पत्रकार, टीचर को लाभ के नए स्त्रोत मिलेंगे। यदि धन कहीं फंसा है, तो उसके वापस मिलने की प्रबल संभावना है।

**कर्क**

आज भाग?य चमकने के संकेत मिल रहे हैं। आर्थिक लाभ के कई अवसर बनेंगे, लेकिन भावुकता या जल्दबाजी से किया गया निर्णय नुकसानदेह हो सकता है। साझेदारी में व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए दिन लाभकारी है। आप धन संचय की योजनाओं पर भी विचार कर सकते हैं।

**सिंह**

आज दिन तरक?की से भरा होगा और कारोबार में कोई बड़ी डील करने से आपको फायदा होगा। साहस और पराक्रम के बल पर व्यवसाय में बड़ी डील संभव है। कोई लंबित सरकारी फाइल पास हो सकती है। व्यवसाय में नई तकनीक या ऑनलाइन विस्तार के बारे में सोच सकते हैं।

**कन्या**

आज उन?नति के योग बन रहे हैं। आय और खर्च दोनों में संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण रहेगा। बड़े लाभ के साथ-साथ अचानक खर्चों का सामना भी करना पड़ सकता है। ऑफिस में जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, लेकिन साथ ही नई सीख और अनुभव भी मिलेंगे।

**तुला**

आज मिलेजुले परिणाम मिलने की उम?मीद है। शुक्र की स्थिति मिलाजुला असर दे रही है। खर्चों पर नियंत्रण नहीं रहा तो बजट बिगड़ सकता है। नौकरीपेशा लोगों को स्थान परिवर्तन या नई ज़िम्मेदारी मिल सकती है। किसी अनुभवी व्यक्ति से परामर्श लेकर निवेश करना फायदेमंद होगा। घरेलू खर्च अचानक बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक**

आज लाभ होगा और कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिलने के संकेत हैं, खासकर जो लोग सेल्स, मार्केटिंग या काउंसलिंग से जुड़े हैं। शत्रु पक्ष कमजोर होगा। नया प्रॉजेक्ट या क्लाइंट मिलने की प्रबल संभावना है। सायंकाल तक कुछ लाभकारी समाचार भी मिल सकते हैं।

**धनु**

आज मान सम?मान में वृद्धि होगी। विदेश यात्रा या विदेशी कंपनी से जुड़ा कार्य प्रारंभ हो सकता है। उच्च शिक्षा, रिसर्च या आयात-निर्यात से जुड़े कार्यों में प्रगति होगी। धन आगमन के साथ-साथ उसकी योजना बनाना आवश्यक होगा। शिक्षकों, धर्मगुरुओं या सलाहकारों को सम्मान और आर्थिक लाभ दोनों मिल सकते हैं।

**मकर**

आज दिन बड़ा फायदा लेकर आएगा। आप अपने व्यावसायिक अनुभवों को सशक्त रूप से प्रस्तुत करेंगे। उच्चाधिकारियों से तारीफ मिलेगी। अचल संपत्ति में निवेश का योग बन रहा है। शेयर बाजार से जुड़े जातकों को थोड़ा सतर्क रहना चाहिए। कोई सरकारी मामला आपके पक्ष में हल हो सकता है।

**कुंभ**

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको कर्म और फल की सीधी अनुभूति मिलेगी। बेरोजगारों को नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। व्यवसाय में कोई नया अनुबंध या ऑर्डर मिलेगा। बुजुर्गों की सलाह से लाभ मिलेगा। भाई-बहनों से आर्थिक सहयोग की उम्मीद की जा सकती है। आपके परिवार में खुशहाली का माहौल रहेगा और आर्थिक मामलों में दिन बेहतर होगा।

**मीन**

आज धन लाभ के अवसर मिल रहे हैं। दिन आय के नए अवसर और प्रगति की दिशा लेकर आएगा। क्रिएटिव और कंसल्टिंग फील्ड में सफलता मिलेगी। पैतृक संपत्ति से जुड़ा कोई विवाद सुलझ सकता है। नौकरी में प्रमोशन या स्थानांतरण की सूचना मिल सकती है। सायंकाल तक आर्थिक रूप से कोई राहत देने वाली खबर भी मिलेगी।

# जबरन वित्तीय जानकारी मांग रही एयर इंडिया? पीड़ित परिवारों का गंभीर आरोप

## एयरलाइंस ने दी सफाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अहमदाबाद में 12 जून को एयर इंडिया विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद अब मुआवजे की प्रक्रिया को लेकर विवाद छिड़ गया है। इस हादसे में 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में से 241 लोगों की जान चली गई थी, और जमीन पर मौजूद 34 लोगों की भी मौत हो गई थी। अब पीड़ितों के परिवारों ने एयर इंडिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें दावा किया गया है कि उन्हें मुआवजे के लिए वित्तीय निर्भरता से संबंधित संवेदनशील जानकारी देने के लिए मजबूर किया गया। हालांकि, एयर इंडिया ने इन आरोपों का खंडन किया है। एयर इंडिया ने अपने मुआवजा वितरण प्रक्रिया को लेकर उठे विवादों पर स्पष्ट प्रतिक्रिया देते हुए इन आरोपों को बिलकुल बेबुनियाद और भ्रामक करार दिया है। एयरलाइन ने कहा कि पीड़ितों के परिजनों के बीच वितरित किया गया फॉर्म केवल पारिवारिक संबंधों की पुष्टि के उद्देश्य से था, ताकि अंतरिम भुगतान को सही तरीके से और सही व्यक्ति को सुनिश्चित किया जा सके।

**हम परिवारों को पूरी छूट और समय दे रहे- एयर इंडिया :** एक रिपोर्ट के मुताबिक, एयर इंडिया ने अपने बयान में कहा, स्वाभाविक है कि कुछ औपचारिक प्रक्रियाएं होती हैं जिन्हें पूरा करना जरूरी होता है, लेकिन हम परिवारों को पूरी छूट और समय दे रहे हैं। हम हर संभव सहयोग देना चाहते हैं। एयरलाइन ने यह भी स्पष्ट किया कि फॉर्म को व्यक्तिगत रूप से या ईमेल के माध्यम से जमा किया जा सकता है और किसी भी परिवार के घर पर बिना बुलाए कोई नहीं गया। इसके साथ ही एयर इंडिया ने बताया कि अंतिम संस्कार की व्यवस्था, आवास और अन्य जरूरतों के लिए विशेष सहायता कर्मियों को नियुक्त किया गया है। अब तक 47 परिवारों को अंतरिम भुगतान किया जा चुका है और 55 और परिवारों के दस्तावेज प्रक्रिया में हैं। इसके अलावा, टाटा समूह ने घोषणा की है कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को 1 करोड़ रुपये की स्वैच्छिक सहायता दी जाएगी और 500 करोड़ रुपये का एक विशेष ट्रस्ट बनाया जा रहा है, जो दीर्घकालिक सहायता प्रदान करेगा।

**परिजनों का आरोप: दबाव बनाया गया :** यह सफाई उस समय आई है जब 12 जून को हुए एयर इंडिया फ्लाइट 171 हादसे में मारे गए यात्रियों के परिवारों ने एयरलाइन पर प्रारंभिक मुआवजे की प्रक्रिया के दौरान दबाव बनाने का आरोप लगाया था। यह हादसा अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रहे विमान के उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद हुआ था। यह पिछले करीब 30 वर्षों में भारत की सबसे भयावह विमान दुर्घटना रही। यूके की कानूनी फर्म स्टीवर्ट्स लॉ 40 से अधिक पीड़ित परिवारों का प्रतिनिधित्व कर रही है। उसका कहना है कि एयर इंडिया ने परिजनों पर कानूनी रूप से संवेदनशील वित्तीय जानकारी भरने के लिए दबाव बनाया, जो आगे चलकर उनके मुआवजे के दावे पर असर डाल सकती है। स्टीवर्ट्स फर्म भारत की नानावटी एंड नानावटी के साथ मिलकर, तथा अमेरिका की क्लिफोर्ड लॉ ऑफिस और क्रेइंडलर और क्रेइंडलर के साथ साझेदारी में, एयर इंडिया, बोइंग और अन्य संभावित जिम्मेदार पक्षों के खिलाफ कानूनी दावे की तैयारी कर रही है। स्टीवर्ट्स के पार्टनर पीटर नीनन ने आरोप लगाया, हमारे क्लाइंट्स ने वह फॉर्म हमें दिखाया है। उसमें कई ऐसे कानूनी शब्दों का इस्तेमाल किया गया है, जिनका अर्थ उन्हें नहीं बताया गया। यह जानकारी आगे उनके खिलाफ इस्तेमाल की जा सकती है। हम बेहद स्तब्ध और नाराज हैं। एयर इंडिया को शर्म आनी चाहिए। कानूनी टीम का दावा है कि पीड़ित परिवारों से यह फॉर्म तेज गर्मी में भरवाया गया, वह भी बिना किसी कानूनी सलाह के। साथ ही यह संकेत दिया गया कि यदि वे फॉर्म नहीं भरते, तो उन्हें मुआवजा नहीं मिलेगा। फॉर्म में पूछा गया कि क्या वे मृतक पर आर्थिक रूप से निर्भर थे? यह एक ऐसा सवाल है जो अंतिम मुआवजे की राशि को प्रभावित कर सकता है।

**आने वाले हफ्तों में विवाद और गहराने की संभावना :** भले ही एयर इंडिया ने अपनी प्रक्रिया को पारदर्शी और मानवीय बताया हो, परंतु पीड़ितों के वकील अभी भी आशंकित हैं। उनका मानना है कि इस तरह का फॉर्म और हस्ताक्षर कराने का दबाव भविष्य में मुआवजे के दावों को कमजोर कर सकता है। स्टीवर्ट्स फर्म ने अपने क्लाइंट्स को सलाह दी है कि वे यह फॉर्म न भरें और कानूनी माध्यमों से अपना हक पाने की प्रक्रिया जारी रखें।

**अमेरिका में भी होगा केस :** पीड़ितों के परिवार, विशेष रूप से यूके के 52 नागरिकों के परिवार अब एयर इंडिया और बोइंग के खिलाफ यूके और अमेरिकी अदालतों में मुकदमा दायर करने की योजना बना रहे हैं। मॉन्ट्रियल कन्वेंशन के तहत, परिवार उन देशों में मुकदमे दायर कर सकते हैं जहां एयरलाइन संचालित होती है या जहां पीड़ितों का संबंध है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि ये मुकदमे एयर इंडिया द्वारा पेश किए गए मुआवजे से कहीं अधिक राशि की मांग कर सकते हैं।

## 4 प्रतिशत बढ़ सकता है कर्मचारियों का महंगाई भत्ता, मोदी सरकार दे सकती है बड़ा तोहफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोदी सरकार केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दे सकती है। केंद्रीय कर्मचारियों को जुलाई 2025 से महंगाई भत्ते (डीए) में 4 पर्सेंट की बढ़ोतरी का फायदा मिल सकता है। महंगाई के हालिया डेटा पर आधारित रिपोर्ट्स में यह बात कही गई है। इस बढ़ोतरी के बाद महंगाई भत्ता मौजूदा 55 पर्सेंट से बढ़कर 59 पर्सेंट पहुंच जाएगा। महंगाई भत्ते में यह बढ़ोतरी जुलाई से प्रभावी होगी, लेकिन इसकी आधिकारिक घोषणा अगस्त या सितंबर-अक्टूबर में फेस्टिव सीजन के करीब हो सकती है। महंगाई भत्ते (डीए) का कैलकुलेशन ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स फॉर इंडस्ट्रियल वर्कर्स के आधार पर होता है। यह इंडेक्स मई 2025 में 0.5 पर्सेंट बढ़कर 144 पर पहुंच गया है। पिछले तीन महीने में इंडेक्स में बढ़ोतरी देखने को मिली है। मार्च 2025 में यह 143, अप्रैल में 143.5 और मई 2025 में अब यह 144 पर पहुंच गया है। अगर इंडेक्स में तेजी का रुझान बना रहता है और जून में यह 144.5 पर पहुंच जाता है तो ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स फॉर इंडस्ट्रियल वर्कर्स का 12 महीने का एवरेज करीब 144.17 पहुंचने की उम्मीद है। जब 7वें वेतन आयोग के फॉर्मूले का इस्तेमाल करते हुए इसे एडजस्ट किया जाता है तो डीए रेट 58.85 पर्सेंट पहुंच जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### उधार दी गई रकम मांग रहे थे वापस, तंग आकर रिश्तेदार के घर में लगा दी आग



**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां पैसों के लेन-देन में एक व्यक्ति ने अपने रिश्तेदार का घर जला डाला। बताया जाता है कि उधार देने वाला परिवार बार-बार अपने पैसे मांग रहा था। रिश्तेदार के बार-बार पैसे मांगने से तंग आकर व्यक्ति ने उनके घर में आग लगा दी। घटना एक जुलाई शाम 5.30 बजे की है, जो बेंगलुरु के विवेकनगर में हुई। जानकारी के मुताबिक यह घर वेंकटरमणी और उनके बेटे सतीश का है। पुलिस में दर्ज शिकायत के मुताबिक आरोपी का नाम सुब्रमणि है जो परिवार का रिश्तेदार है। बताया जाता है कि यह झगड़ा सात-आठ साल पुराना है। जानकारी के मुताबिक उस वक्त शिकायतकर्ता की रिश्तेदार पार्वती ने अपनी बेटी महालक्ष्मी की शादी के लिए उससे पांच लाख रुपए लिए थे। वेंकटरमणी ने कई बार पैसे मांगे, लेकिन मिले नहीं। हाल ही में एक शादी समारोह के दौरान यह मामला एक बार फिर उठा। वेंकटरमणी ने एक बार फिर पैसे मांगे, लेकिन पार्वती इसे वापस नहीं कर पाई। इसके बाद दोनों परिवारों में खूब कहासुनी हुई। मामला एक-दूसरे को अपमानित करने और धमकियों तक पहुंच गया। पार्वती के घर के सुब्रमणि को वेंकटरमणी का यह व्यवहार पसंद नहीं आया। इसके बाद सुब्रमणि ने इस हमले की योजना बनाई। सतीश डोम्लुर के पास काम पर गया था। तभी उसकी मां ने फोन किया। उसने बताया कि जब वह और सतीश का भाई मोहन दास अंदर थे, तभी कोई उनके घर के कैंपस में आया। उसने मेन डोर, जूते के स्टैंड और बेडरूम की खिड़की पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। संयोग से पड़ोसियों की नजर आग पर पड़ गई। उन लोगों ने आनन-फानन में आग को बुझाया और अंदर के लोगों को सावधान भी किया। घटना में कोई घायल तो नहीं हुआ, लेकिन घर के अगले हिस्से और खिड़कियों को नुकसान पहुंचा है। सीसीटीवी में नजर आ रहा है कि सुब्रमणि शाम करीब 5:21 बजे पेट्रोल की बोतल लेकर घर के कैंपस में घुसा। इसके बाद उसने जूते की रैक और घर के अगले हिस्से पर पेट्रोल छिड़का। इसके बाद माचिस की तीली से आग लगा दी। इस दौरान वह खुद भी आग की लपटों में फंस गया। घटना की शिकायत विवेकनगर पुलिस थाने में की गई है। एफआईआर दर्ज हो चुकी है और जांच जारी है।

### छत्तीसगढ़ में डिजिटल क्रांति की तैयारी, लगाए जाएंगे 5 हजार से अधिक मोबाइल टॉवर

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दूरदराज क्षेत्रों में डिजिटल क्रांति लाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सूबे के दूरस्थ इलाकों खास कर बस्तर और सरगुजा संभाग के क्षेत्रों में नए मोबाइल टॉवर लगाने और फाइबर लाइनें बिछाने जैसे कामों में तेजी लाने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि छत्तीसगढ़ में समय सीमा के भीतर 5 हजार से अधिक मोबाइल टॉवर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को मंत्रालय महानदी भवन में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों खास तौर पर बस्तर और सरगुजा संभागों में नए मोबाइल टॉवर लगाने और फाइबर नेटवर्क लाइन बिछाने जैसे कार्यों में तेजी लाई जाए। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में समय सीमा के भीतर चरणबद्ध रूप से 5 हजार से अधिक मोबाइल टॉवर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0 के माध्यम से वर्तमान में विभिन्न विभागों की 85 ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार करते हुए 250 अन्य ऑफलाइन सेवाओं को भी ऑनलाइन सेवाओं में तब्दील किया जाएगा। सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि यदि योजनाओं का लाभ लोगों को घर बैठे ही ऑनलाइन प्राप्त होगा, तो इससे समय की बचत होगी तथा कार्यालय आने-जाने में होने वाला खर्च भी कम होगा।

# दिल्ली-पटना सहित 9 हाइकोर्ट को मिलेंगे 15 नए जज, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दिल्ली और पटना सहित देश के 9 हाईकोर्ट के जज के रूप में न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर. गवई की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने 1 और 2 जुलाई को हुई अपनी बैठक में दिल्ली हाईकोर्ट में तीन न्यायिक अधिकारियों और पटना हाईकोर्ट के दो अधिवक्ताओं को जज के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके अलावा कॉलेजियम ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के जज के रूप में 10 न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी।

जिन न्यायिक अधिकारियों के नाम पर मुहर लगी है उनमें वीरेंद्र अग्रवाल, मंदीप पन्नू, प्रमोद गोयल, शालिनी सिंह नागपाल, अमरिंदर सिंह ग्रेवाल, सुभाष मेहला, सूर्य प्रताप सिंह, रूपिंदरजीत चहल, आराधना साहनी, यशवीर सिंह राठौर हैं। तेलंगाना हाईकोर्ट के जज के रूप में चार अधिवक्ताओं के नामों को भी मंजूरी दी गई है। कॉलेजियम ने तेलंगाना हाईकोर्ट के जिन अधिवक्ताओं के नाम पर मुहर लगाई है उनमें गौसे मीरा मोहिउद्दीन, चलपति राव सुड्डाला, वक्ति रामकृष्ण रेड्डी और गादी प्रवीण कुमार शामिल हैं। आपको बता दें कि कॉलेजियम में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और विक्रम नाथ भी शामिल हैं। उन्होंने राजस्थान हाईकोर्ट के जज के रूप में एक न्यायिक अधिकारी और एक अधिवक्ता के नामों को मंजूरी दी है।

बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 2 जुलाई, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में अधिवक्ता तुहिन कुमार गेडेला को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एक अन्य निर्णय में कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति बिस्वदीप भट्टाचार्जी, अतिरिक्त जज को मेघालय हाईकोर्ट के स्थायी जज के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की। इसके अलावा दो न्यायिक अधिकारियों प्रांजल दास और संजीव कुमार शर्मा और दो अधिवक्ताओं, अंजन मोनी कलिता और राजेश मजूमदार को गुवाहाटी हाईकोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

# जिम में लटका मिला मिस्टर राजस्थान जैकी का शव



**चित्तौड़गढ़ , एजेंसी।** चित्तौड़गढ़ शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई। राजस्थान और चित्तौड़गढ़ में बॉडीबिल्डिंग के चर्चित नाम, मिस्टर राजस्थान का खिताब जीत चुके जय किशन लोठ उर्फ जैकी (42) ने अपने ही जिम में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब एक्सरसाइज के लिए लोग 'वॉरियर फिटनेस जिम' पहुंचे, तो वहां का नज़ारा देख उनके होश उड़ गए। जिम के अंदर जैकी का शव फंदे से लटक रहा था। हड़कंप मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। एएसआई मदनलाल जगत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि शव छत से लगे हुक में रस्सी से लटका हुआ मिला। प्रारंभिक जांच में कहीं कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मौत के कारण अभी साफ नहीं हैं। जैकी का मोबाइल जब्त कर लिया गया है और कॉल डिटेल्स व मैसेज की जांच की जा रही है।

**मिस्टर राजस्थान रह चुके जैकी की मौत से शहर में शोक :** जय किशन लोठ उर्फ जैकी प्रतापनगर क्षेत्र के निवासी थे और पिछले दो वर्षों से महाराणा प्रताप सेतु मार्ग पर 'वॉरियर फिटनेस' नाम से अपना जिम चला रहे थे। वे बॉडीबिल्डिंग की दुनिया का जाना-पहचाना नाम थे। उन्होंने मिस्टर चित्तौड़गढ़ और मिस्टर राजस्थान जैसे प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किए थे। इसके अलावा उन्होंने राज्य और जिला स्तर की कई बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया था। जैकी सिर्फ बॉडीबिल्डर नहीं, बल्कि एक ऑलराउंड खिलाड़ी थे। उन्हें स्केटिंग और बास्केटबॉल में भी गहरी रुचि थी और वे अच्छे खिलाड़ी माने जाते थे। जिम में वे बच्चों और युवाओं को ट्रेनिंग देते थे और फिटनेस को लेकर युवाओं के बीच खासे लोकप्रिय थे।

**परिवार में मातम, जान-पहचान वाले सदमे में :** जैकी के परिवार में उनकी पत्नी और 12 साल की एक बेटी है। उनके माता-पिता नगर परिषद में सफाई कर्मचारी के पद से रिटायर हो चुके हैं। बेटे की असमय मौत की खबर से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। मोहल्ले में मातम पसरा है और जान-पहचान वाले लोगों की आंखें नम हैं।

### सस्पेंस में मौत, पुलिस जांच जारी

पुलिस का कहना है कि सुसाइड के कारणों को लेकर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। जैकी के मोबाइल की जांच की जा रही है। यह देखा जा रहा है कि कहीं जैकी मानसिक तनाव, पारिवारिक समस्या या किसी आर्थिक परेशानी से तो नहीं जूझ रहे थे। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। चित्तौड़गढ़ जैसे शांत शहर में इस तरह की घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। जिम जैसे जीवन ऊर्जा से भरे स्थान में मौत का यह मंजर देख हर कोई सन्न है। जैकी के फैंस, फिटनेस लवर्स और खिलाड़ी वर्ग के बीच गहरा शोक व्याप्त है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मोबाइल डिटेल्स के आधार पर सच्चाई सामने लाने की कोशिश कर रही है। जैकी जैसे ऊर्जावान और प्रेरणादायक व्यक्तित्व का यूं अचानक चले जाना, सिर्फ एक परिवार ही नहीं, पूरे फिटनेस समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति है।

# भाजपा को मिल सकती है पहली महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में संगठनात्मक बदलाव की प्रक्रिया तेज हो गई है। पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन को लेकर चल रही खींचतान के बीच सूत्रों के हवाले से खबर है कि भाजपा पहली बार किसी महिला को राष्ट्रीय अध्यक्ष बना सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि भाजपा ने हाल के वर्षों में महिला मतदाताओं को लुभाने में सफलता पाई है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्यों में यह सफलता मिली है। आपको बता दें कि जेपी नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2023 में समाप्त हो चुका था, लेकिन पार्टी ने उन्हें जून 2024 तक का विस्तार दिया था। अब नए अध्यक्ष की घोषणा अगले कुछ दिनों में हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक तीन प्रमुख महिला नेताओं के नाम चर्चा में हैं।

**निर्मला सीतारमण :** वर्तमान वित्त मंत्री और पूर्व रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण पार्टी संगठन में गहरी पैठ और केंद्र सरकार में लंबे अनुभव के चलते सबसे मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं। हाल ही में उन्होंने भाजपा मुख्यालय में जेपी नड्डा और महासचिव बीएल संतोष के साथ बैठक की थी। उनका दक्षिण भारत से आना भाजपा के दक्षिण विस्तार रणनीति के लिए भी फायदेमंद माना जा रहा है।

**डी. पुरंदेश्वरी :** आंध्र प्रदेश भाजपा की पूर्व अध्यक्ष डी पुरंदेश्वरी काफी अनुभवी और बहुभाषी नेता हैं। कई राजनीतिक दलों के साथ काम करने का अनुभव और पार्टी में व्यापक स्वीकार्यता है। उन्हें ऑपरेशन सिंदूर जैसे अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक अभियान का हिस्सा भी बनाया गया था।

**वनाथी श्रीनिवासन :** तमिलनाडु की कोयंबटूर दक्षिण सीट से विधायक और भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुकी वनाथी श्रीनिवासन 1993 से भाजपा से जुड़ीं और संगठन में कई पदों पर रही हैं। 2022 में केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य बनीं और ऐसा करने वाली पहली तमिल महिला नेता।

**संघ का समर्थन :** सूत्र बताते हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इस विचार को समर्थन दिया है कि भाजपा को अब एक महिला को शीर्ष नेतृत्व में लाना चाहिए। यह कदम 33प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक की भावना के अनुरूप भी होगा, जिसका प्रभाव अगले परिसीमन के बाद लोकसभा में दिखेगा।



# गुरुग्राम में 500 एकड़ में बनेगा डिज्नीलैंड थीम पार्क, हरियाणा सरकार ने फाइनल की जमीन

**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा सरकार ने गुरुग्राम के पचगांव चौक के पास 500 एकड़ भूमि पर एक भव्य डिज्नीलैंड थीम पार्क स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। यह परियोजना न केवल राज्य के पर्यटन परिदृश्य को बदलेगी बल्कि इसके साथ विकसित होने वाली ग्लोबल सिटी और रेल ऑर्बिटल कॉरिडोर के माध्यम से क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूती होगी। हरियाणा सरकार ने इस प्रतिष्ठित परियोजना के लिए पचगांव चौक के पास उपयुक्त स्थान का चयन कर लिया है। यह क्षेत्र अपनी रणनीतिक स्थिति के कारण परियोजना के लिए आदर्श है, क्योंकि यह दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। डिज्नीलैंड जैसे वैश्विक स्तर के आकर्षण की स्थापना से हरियाणा भारत के पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरेगा।

**मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री से की चर्चा :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस परियोजनाओं के संबंध में बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सांस्कृतिक और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान हरियाणा में पर्यटन को बढ़ावा देने और राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने और वैश्विक मानचित्र पर एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिज्नीलैंड हरियाणा, खासकर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाला अवसर साबित होगा। इस डिज्नीलैंड से प्रदेश के साथ-साथ देश को आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक लाभ मिलेंगे। इस परियोजना का उद्देश्य बाजार और कनेक्टिविटी का लाभ उठाकर एक विश्व स्तरीय मनोरंजन केंद्र बनाना है। इस परियोजना से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, बुनियादी ढांचे का विकास होगा और आसपास के क्षेत्रों में भी विकास की दृष्टि से बड़ा बदलाव आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम में कई फॉर्च्यून कंपनियों के मुख्यालय हैं और यह राज्य की अर्थव्यवस्था में अधिकतम योगदान देता है।

# जासूसी विमान से लेकर युद्धपोत तक, सेनाओं को मिलेंगे हथियार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार ने रक्षा क्षेत्र में अपनी ताकत को और मजबूत करने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है। इन सौदों में जासूसी विमानों से लेकर एडवांस एंटी-माइन्स युद्धपोतों, क्विक रिएक्शन सतह-से-हवा मिसाइल प्रणालियों, और अर्ध-पनडुब्बी स्वायत्त पोतों तक कई घातक हथियार शामिल हैं। ये मंजूरियां रक्षा मंत्रालय की ओर से दी गई हैं और इनका उद्देश्य भारतीय सेनाओं की निगरानी, हमले और रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना है। चीन और पाकिस्तान की बढ़ती समुद्री और हवाई चुनौतियों के जवाब में भारत की ओर से ये मंजूरी एक बड़ा कदम मानी जा रही है। इसके अलावा, यह कदम भारत की रक्षा नीति में स्वदेशीकरण और आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है।

## मंजूर किए गए प्रमुख प्रोजेक्ट्स

**12 खदानरोधी युद्धपोत (एमसीएमवी) :** एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय नौसेना के लिए 12 स्वदेशी खदानरोधी युद्धपोतों के निर्माण को मंजूरी दी गई है। इसकी लागत लगभग 44,000 करोड़ रुपये है और इसे माइन काउंटरमेजर वेसल भी कहा जाता है। ये युद्धपोत 900-1,000 टन वजन के होंगे और इनमें दुश्मन द्वारा बिछाई गई समुद्री माइनों को खोजने, ट्रैक करने और नष्ट करने की क्षमता होगी। ये माइन्स बंदरगाहों, तटों और समुद्री व्यापार मार्गों को बाधित करने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं। वर्तमान में भारतीय नौसेना के पास कोई समर्पित एमसीएमवी नहीं है, और यह कमी चीन और पाकिस्तान की समुद्री गतिविधियों के मद्देनजर एक बड़ा खतरा बन चुकी है। नौसेना वर्तमान में कुछ जहाजों पर क्लिप-ऑन माइन काउंटरमेजर सूट का उपयोग करती है, जो पर्याप्त नहीं है। ये नए युद्धपोत भारत के 7,516 किलोमीटर लंबे तट और 13 प्रमुख बंदरगाहों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण होंगे।



इन जहाजों के निर्माण में लगभग एक दशक लगेगा। गोवा शिपयार्ड और दक्षिण कोरियाई कंपनी कांगनम के बीच पहले शुरू हुई बातचीत लागत और तकनीक हस्तांतरण के मुद्दों पर अटक गई थी, लेकिन अब इस प्रोजेक्ट को नई गति मिली है।

**क्विक रिएक्शन सतह-से-हवा मिसाइल प्रणाली (क्यूआरएसएएम) :** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित क्यूआरएसएएम प्रणालियों की खरीद को मंजूरी दी गई है। इसकी लागत लगभग 36,000 करोड़ रुपये है। इसमें सेना के लिए तीन रेजिमेंट और वायुसेना के लिए तीन स्क्वाड्रन शामिल हैं। ये मिसाइलें 30 किलोमीटर की रेंज तक दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों और ड्रोनों को नष्ट करने में सक्षम हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इन मिसाइलों ने पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल किए गए तुर्की मूल के ड्रोनों और चीनी मिसाइलों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ये प्रणालियां भारत की बहु-स्तरीय हवाई रक्षा प्रणाली को और मजबूत करेंगी, जो खासकर चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर जरूरी है। सेना को कुल 11 ऐसी रेजिमेंट की आवश्यकता है।

**तीन आईएसटीएआर (खुफिया, निगरानी, लक्ष्य अधिग्रहण और टोही) विमान :** तीन आईएसटीएआर विमानों के निर्माण को मंजूरी दी गई है, जो डीआरडीओ द्वारा विकसित स्वदेशी सेंसर और प्रणालियों से लैस होंगे। इनकी लागत लगभग 10,000 करोड़ रुपये होगी। इनमें सिंथेटिक अपर्चर रडार (एसएआर), इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और इन्फ्रारेड सेंसर शामिल होंगे, जो दुश्मन के बुनियादी ढांचे, सैन्य जमावड़े और गतिविधियों की वास्तविक समय में खुफिया जानकारी प्रदान करेंगे। ये विमान हवाई हमलों और मिसाइलों के लिए उच्च-मूल्य के दुश्मन ठिकानों को सटीकता से टारगेट करने में मदद करेंगे। ये भारतीय वायुसेना की निगरानी क्षमताओं को बढ़ाएंगे, खासकर चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर। अन्य प्रोजेक्ट्स में अर्ध-पनडुब्बी स्वायत्त पोत यानी एयूवी शामिल है। यह खुफिया, निगरानी और टोही मिशनों के लिए इस्तेमाल होती है। इसके अलावा, टैंकों और अन्य भारी उपकरणों की मरम्मत और रिकवरी के लिए बख्तरबंद रिकवरी वाहन, दुश्मन की संचार और रडार प्रणालियों को बाधित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियां भी इस खरीद प्रस्ताव में शामिल हैं।

**क्या है भारत का रणनीतिक महत्व? :** ये रक्षा सौदे भारत की रणनीतिक स्थिति को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण हैं, खासकर उस समय जब चीन और पाकिस्तान के बीच समुद्री सहयोग बढ़ रहा है। चीन की नौसेना भारतीय महासागर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ा रही है, और पाकिस्तान के साथ उसका गठजोड़ भारत के लिए एक बड़ी चुनौती है।

# विराट और रोहित को नीली जर्सी में देखने के लिए करना पड़ेगा और इंतजार !



## रद्द हो सकता बांग्लादेश का दौरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके विराट कोहली और रोहित शर्मा को मैदान पर देखने के लिए क्रिकेट फैंस बेकरार हैं. ये दोनों खिलाड़ी अब केवल वनडे क्रिकेट में ही खेलते हुए नजर आएंगे. क्रिकेट फैंस को उम्मीद थी अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में ये दोनों खिलाड़ी नीली जर्सी में दिखाई देंगे, लेकिन अब बांग्लादेश का दौरा खटाई में पड़ता हुआ दिख रहा है. रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम इंडिया का बांग्लादेश दौरा रद्द हो सकता है. पड़ोसी देश में हालात अच्छे नहीं है. शायद इसी वजह से केंद्र सरकार इस दौरे की इजाजत भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को नहीं दे रही है, क्योंकि वहां पर खिलाड़ियों की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है.

भारतीय क्रिकेट टीम अगले महीने बांग्लादेश के दौरे पर जाने वाली थी, लेकिन अब इस दौरे पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक बांग्लादेश में इन दिनों हालात अच्छे नहीं हैं. सत्ता परिवर्तन के बाद वहां पर माहौल काफी बिगड़ गए हैं. माना जा रहा है कि केंद्र सरकार खिलाड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए भारतीय टीम को बांग्लादेश दौरे पर जाने की इजाजत नहीं देगी. इस बारे में जल्दी ही ऑफिशियल घोषणा हो सकती है.इसके अलावा बीसीसीआई और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड आगामी सीरीज को लेकर जल्दी ही बड़ा फैसला ले सकते हैं. संभावना जताई जा रही है कि ये दौरा रद्द हो सकता है, लेकिन दोनों बोर्ड दौरा रद्द करने के बजाय इसे कुछ दिनों के लिए टालने पर सहमत हो सकते हैं. बीसीबी ने इस सीरीज के लिए मीडिया राइट्स की बिडिंग भी टाल दी है.

## एशिया कप के लिए पाकिस्तान हॉकी टीम को भारत आने की मंजूरी पर बिफरे आदित्य ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** हॉकी एशिया कप का आयोजन 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है। खेल मंत्रालय के सूत्रों ने बताया था कि वे बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने के विरुद्ध नहीं हैं। शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने हॉकी एशिया कप के लिए पाकिस्तान हॉकी टीम को भारत आने की मंजूरी देने की खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। आदित्य ठाकरे ने इस मामले को लेकर केंद्र सरकार को घेरा है। ऐसी खबरें आई थी कि खेल मंत्रालय पाकिस्तान हॉकी टीम को भारत में होने वाले एशिया कप में शामिल होने से नहीं रोकेगी। अब इस पर आदित्य ठाकरे ने सवाल खड़े किए हैं और सरकार की आलोचना की है। हॉकी एशिया कप का आयोजन 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है। भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले कुछ महीनों से चल रहे तनाव के मद्देनजर इस पर संशय चल रहा था कि पाकिस्तान की हॉकी टीम इस टूर्नामेंट के लिए भारत आएगी या नहीं।

## घरेलू मैदान पर अपने ही नाम के टूर्नामेंट में दम दिखाने उतरेंगे नीरज, खिताब के होंगे दावेदार



**बंगलूरू, एजेंसी।** नीरज इस सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने 90 मीटर की बहुप्रतिक्षित बाधा भी पार कर ली है। उन्होंने 24 जून को ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक और 20 जून को पेरिस डायमंड लीग में जीत हासिल की थी और अब उनकी नजरें एनसी क्लासिक में जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी।दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा भारत में प्रतिस्पर्धा करते नजर आएंगे। नीरज चोपड़ा क्लासिक (एनसी) टूर्नामेंट में नीरज अपने ही नाम के टूर्नामेंट में दम दिखाने उतरेंगे। इस टूर्नामेंट का आयोजन शनिवार को बंगलूरू के कांतीरावा स्टेडियम में होगा जिसमें नीरज खिताब जीतने के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगे। नीरज इस सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने 90 मीटर की बहुप्रतिक्षित बाधा भी पार कर ली है। उन्होंने 24 जून को ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक और 20 जून को पेरिस डायमंड लीग में जीत हासिल की थी और अब उनकी नजरें एनसी क्लासिक में जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। 27 वर्ष के नीरज इस खेल में लगभग सभी खिताब जीत चुके हैं जिनमें ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक, डायमंड लीग फाइनल ट्रॉफी, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक शामिल हैं।इस टूर्नामेंट में 12 खिलाड़ियों में सात विदेशी एथलीट और नीरज सहित पांच भारतीय होंगे। नीरज के अलावा चार भारतीय सचिन यादव, यशवीर सिंह, रोहित यादव और साहिल सिलवाल हैं। जर्मनी के 2016 ओलंपिक चैंपियन थॉमस रोहलर, कीनिया के 2015 विश्व चैंपियन जूलियस येगो, अमेरिकी कर्टिस थॉम्पसन, चेक गणराज्य के मार्टिन कोनेकनी, ब्राजील के लुइस मौरिसियो दा सिल्वा, श्रीलंका के रुमेश पथिरेज और पोलैंड के साइप्रियन मिर्जिगलोड विदेशी प्रतियोगी हैं। नीरज चोपड़ा क्लासिक का पहला सत्र भारतीय प्रशंसकों को विश्व स्तरीय टूर्नामेंट देखने का मौका देने के मकसद से आयोजित किया गया है जिससे खेल की लोकप्रियता भी बढ़ेगी।

## शिखर धवन की आत्मकथा द वन की घोषणा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय ओपनर शिखर धवन के जीवन पर उनकी आत्मकथा द वन आ रही है। उन्होंने इसकी घोषणा इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करके दी। धवन ने बताया कि मेरी किताब सिर्फ क्रिकेट के मैदान की बात नहीं करती। यह मेरे जीवन के उन पड़ावों, अनदेखे पलों, और मुश्किल दिनों की कहानी है, जब मुझे चोटों और चुनौतियों से जूझना पड़ा। यह किताब बताती है कि मैं आज जहां हूं, वहां तक कैसे पहुंचा। द वन में धवन के दिल्ली में बचपन से लेकर भारतीय जर्सी पहनने के सपने और वनडे क्रिकेट में भारत के सबसे शानदार ओपनर बनने तक का सफर शामिल है। किताब में उनके क्रिकेट करियर के शानदार पल तो होंगे ही, लेकिन इसमें उनकी निजी जिंदगी की चुनौतियां, चोटों का दर्द और क्रिकेट कमबैक की कहानियां भी होंगी।धवन क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर भावुक पोस्ट के जरिए अपने शानदार करियर को अलविदा कहा था। धवन ने 167 वनडे मैचों में 44.1 की औसत से 6,793 रन बनाए, जिसमें 17 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 34 मैचों में 40.6 की औसत से 2,315 रन बनाए, जिसमें 7 शतक और 5 अर्धशतक थे। टी20 में उन्होंने 68 मैचों में 1,759 रन बनाए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके नाम 122 मैचों में 8,499 रन हैं।

# शुभमन ने गावस्कर, तेंदुलकर और कोहली के रिकॉर्ड तोड़े

## इंग्लैंड में बेस्ट स्कोर, बतौर भारतीय कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाए

**बर्मिंघम/नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट में भारत ने 587 रन बनाए थे। कप्तान शुभमन गिल ने 269 रन की पारी खेलकर सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के रिकॉर्ड तोड़े। वे सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय कप्तान बने। वहीं भारत ने 18 साल बाद इंग्लैंड में 500 रन का आंकड़ा पार किया।

**25 की उम्र में 2 फॉर्मेट में दोहरे शतक** -कप्तान शुभमन गिल ने बर्मिंघम में पहले दिन शतक लगाया, जिसे दूसरे दिन उन्होंने डबल सेंचुरी में बदल दिया। 25 साल के शुभमन 269 रन बनाकर आउट हुए। यह टेस्ट में उनका पहला ही दोहरा शतक रहा। वे 23 साल की उम्र में वनडे फॉर्मेट में भी डबल सेंचुरी लगा चुके हैं। शुभमन 2 अलग-अलग फॉर्मेट में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा प्लेयर बने। उन्होंने रोहित का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 32 साल की उम्र में दोनों फॉर्मेट में डबल सेंचुरी लगाई थी।

**शुभमन ने इंग्लैंड में बेस्ट स्कोर बनाया** - शुभमन इंग्लैंड में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय प्लेयर भी बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का 46 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। गावस्कर ने 1979 में द ओवल के मैदान पर 221 रन बनाए थे। इन 2 के अलावा राहुल द्रविड़ ही 2002 में इंग्लैंड के मैदान पर दोहरा शतक लगा सके हैं।



### भारतीय कप्तान का बेस्ट टेस्ट स्कोर

| प्लेयर | स्कोर | खिलाफ | कहां | कब |
|---|---|---|---|---|
| शुभमन गिल | 269 | इंग्लैंड | बर्मिंघम | 2025 |
| विराट कोहली | 254* | सा. अफ्रीका | पुणे | 2019 |
| विराट कोहली | 243 | श्रीलंका | दिल्ली | 2017 |
| विराट कोहली | 235 | इंग्लैंड | मुंबई | 2016 |
| एमएस धोनी | 224 | ऑस्ट्रेलिया | चेन्नई | 2013 |

**एशिया के बाहर बेस्ट टेस्ट स्कोर बनाने वाले भारतीय** - शुभमन एशिया के बाहर भी सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय बने। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2004 में सिडनी के मैदान पर 241 रन बनाए थे।

**भारतीय कप्तान का बेस्ट स्कोर** -शुभमन की डबल सेंचुरी किसी भारतीय कप्तान का भी टेस्ट में बेस्ट स्कोर रहा। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पुणे में 254 रन की नॉटआउट इनिंग खेली थी।

**दोहरा शतक लगाने वाले छठे भारतीय कप्तान बने** - शुभमन ने अपने टेस्ट करियर का पहला ही दोहरा शतक लगाया, लेकिन यह उन्होंने अपनी कप्तानी में किया। वे टेस्ट में डबल सेंचुरी लगाने वाले छठे भारतीय कप्तान बने। विराट कोहली, एमएस धोनी, सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर और मंसूर अली खां पटौदी भी बतौर कप्तान दोहरा शतक लगा चुके हैं।

**इंग्लैंड में भारतीय कप्तान का बेस्ट स्कोर बनाया** - शुभमन ने इंग्लैंड में भारतीय कप्तान के रूप में भी बेस्ट स्कोर बनाया। उन्होंने मोहम्मद अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 1990 में मैनचेस्टर के मैदान पर 179 रन की पारी खेली थी।


**इंग्लैंड में विदेशी कप्तान का तीसरा बेस्ट स्कोर** - शुभमन के 269 रन इंग्लैंड में किसी विदेशी कप्तान का तीसरा बेस्ट स्कोर रहा। वे साउथ अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ से आगे निकले, जिन्होंने लॉर्ड्स स्टेडियम में 259 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के बॉब सिम्पसन 311 रन बनाकर पहले नंबर पर हैं।

**भारत के बाहर 250+ बनाने वाले तीसरे भारतीय** - शुभमन गिल भारत के बाहर 250 से ज्यादा का टेस्ट स्कोर बनाने वाले तीसरे ही भारतीय बने। उनसे पहले वीरेंद्र सहवाग और राहुल द्रविड़ ही ऐसा कर सके। दोनों ने पाकिस्तान ने 250 प्लस का स्कोर बनाया था।

**शुभमन ने अपना बेस्ट फर्स्ट क्लास स्कोर बनाया** -शुभमन गिल ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी अपना बेस्ट स्कोर बना लिया। इससे पहले 2018 में उन्होंने मोहाली के मैदान पर तमिलनाडु के खिलाफ 268 रन बनाए थे। तब वे अपनी घरेलू टीम पंजाब के लिए खेल रहे थे।

# कार दुर्घटना में पुर्तगाली फुटबॉलर डिएगो जोटा की मौत

## टायर फटने से पलटी कार, आग लगी; भाई की भी गई जान



**पुर्तगाल (एजेंसी)।** 28 साल के पुर्तगाली फॉरवर्ड डिएगो जोटा का कार एक्सीडेंट में निधन हो गया। वह लिवरपूल से भी खेलते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुर्तगाली सीमा के जमोरा प्रांत में उनके कार का एक्सीडेंट हो गया। डिएगो जोटा एक लेम्बोर्गिनी चला रहे थे। स्थानीय खबरों के अनुसार उनके कार का टायर फट गया। उनकी कार पलट गई और फिर उसमें आग लग गई। यह घटना गुरुवार की सुबह हुई।

**डिएगो जोटा के भाई की भी जान चली गई** -जोटा के साथ उनके छोटे भाई आंद्रे सिल्वा (26 वर्ष) भी गाड़ी में थे। वह भी एक पेशेवर फुटबॉलर थे और पुर्तगाली टीम स्नष्ट पेनाफिल के लिए खेलते थे। दोनों भाइयों की इस हादसे में मौत हो गई।

**जोटा की दो हफ्ते पहले हुई थी शादी** -जोटा की दो हफ्ते पहले ही शादी हुई थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, स्पेन के जमोरा में स्थानीय फायर अधिकारियों ने बताया कि दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की उम्र 28 और 26 साल थी।

**एवर्टन के खिलाफ डिएगो जोटा के करियर का आखिरी गोल** - डिएगो जोटा के नाम 130 से ज्यादा गोल हैं। मौजूदा समय में वह लिवरपूल से खेल रहे थे। उन्होंने अपने करियर का आखिरी गोल 2 अप्रैल को किया था। ये गोल एवर्टन और लिवरपूल के बीच खेले गए मुकाबले में आया था। डिएगो जोटा का ये गोल बेहद धमाकेदार था। उन्हें मिडफील्डर से एक पास मिला। इसके बाद जोटा ने एक-दो नहीं, बल्कि एवर्टन के 5 डिफेंडर्स को चकमा देते हुए गेंद को गोल पोस्ट तक पहुंचाया था। इस गोल में जोटा की शानदार ड्रिबलिंग देखने को मिली थी। इस गोल के दम पर लिवरपूल ने इस मुकाबले को 1-0 से जीत लिया।

# मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है

## गुकेश से हारने के बाद बोले वर्ल्ड नम्बर 1 कार्लसन

**जगरेब (क्रोसिया) (एजेंसी)।** विश्व चैम्पियन डी गुकेश के खिलाफ लगातार दूसरी हार के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने कहा कि उन्हें अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। भारत के 19 वर्ष के ग्रैंडमास्टर गुकेश ने पूर्व विश्व चैम्पियन को सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग में हराया। इससे पहले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उन्होंने क्लासिकल प्रारूप में मात दी थी।



कार्लसन ने हार के बाद कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। जब मैं खेल रहा हूं तो कोई प्रवाह नहीं लग रहा। मेरा खेल लगातार खराब हो रहा है। उन्होंने गुकेश के बारे में कहा, 'वह शानदार खेल रहा है। अभी टूर्नामेंट काफी लंबा है लेकिन लगातार पांच मैच जीतना कोई छोटी बात नहीं है।

सुपरयूनाइटेड रैपिड के दूसरे दिन का समापन हो गया। गुकेश ने दिन की शुरुआत पहले उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव को पराजित करते हुए की और उसके बाद उन्होने यूएसए के फबियानों करूआना को मात देते हुए लगातार दूसरी जीत से एकल बढ़त कायम कर ली। लेकिन इसके बाद सबसे बड़े मुकाबले में गुकेश ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और पांच बार के विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मैगनस कार्लसन के बीच मुकाबला हुआ जिसमें काले मोहरो से खेल रहे गुकेश एक समय इंग्लिश ओपनिंग मे मुश्किल मे नजर आ रहे थे पर कार्लसन की प्यादे की एक गलत चाल के बाद गुकेश नें बेहद शानदार खेल दिखाते हुए 49 चालों मे जीत दर्ज की।

गुकेश की यह जीत इसीलिए भी खास है क्योंकि प्रतियोगिता के पहले कार्लसन नें गुकेश को रैपिड मे कमजोर खिलाड़ी करार दिया था। फिलहाल अब गुकेश 10 अंको के साथ सबसे आगे चल रहे है। गुकेश न केवल हर मैच में गहरी तैयारी और आत्मविश्वास दिखा रहे हैं बल्कि उन्होंने समय का भी बेहतरीन प्रबंधन किया है, जिससे उनके विरोधियों पर लगातार दबाव बना हुआ है। अब टूर्नामेंट में तीन राउंड बाकी हैं और गुकेश फिलहाल सभी को पछाड़ते हुए पहले स्थान पर काबिज हैं।

# भारत-पाक तनावों के बीच क्या पाकिस्तान की टीम भारत खेलने आएगी या नहीं? पीसीबी ने कहा अभी इजाजत नहीं मिली

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की हॉकी टीमों का इस साल भारत में होने वाले दो बड़े टूर्नामेंटों में हिस्सा लेना अभी भी तय नहीं है। पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीसीबी) और पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ)के वरिष्ठ अधिकारियों ने जानकारी दी है कि उन्हें अब तक सरकार से टूर्नामेंट में भाग लेने की इजाज़त नहीं मिली है।गौरतलब है कि इस साल एशिया कप का आयोजन बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से 7 सितंबर तक होना है, जबकि जूनियर हॉकी विश्व कप 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा।



भारत के खेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा है कि पाकिस्तान की टीमों को इन बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोका नहीं जाएगा, क्योंकि ऐसा कोई भी फैसला ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन माना जाएगा। यानी भारत की तरफ से पाकिस्तान की टीमों को आने से रोकने की कोई योजना नहीं है।

पाकिस्तान हॉकी महासंघ के महासचिव राणा मुजाहिद ने बताया कि उन्होंने आधिकारिक रूप से पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) से भारत में टीम भेजने की मंजूरी मांगी है। लेकिन अब तक इस पर कोई जवाब नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि पीएसबी ने उनका अनुरोध आगे संबंधित मंत्रालयों को भेज दिया है।

पीएसबी के प्रवक्ता खुर्रम शहजाद ने भी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि जब तक सरकार भारत में टीम भेजने को लेकर कोई नीति नहीं बनाती, तब तक पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकती। उन्होंने बताया कि पीएचएफ की तरफ से जो अनुरोध आया था, उसे अंतर-प्रांतीय समन्वय मंत्रालय को भेजा गया है, और वहां से यह मामला गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के पास भेजा गया है। अब सभी को उनके अंतिम फैसले का इंतजार है।

यानी फिलहाल पाकिस्तान की हॉकी टीमों की भारत यात्रा और टूर्नामेंट में भागीदारी पर संशय बना हुआ है, और सबकी नजर अब पाक सरकार के फैसले पर टिकी है।

कनाडा ओपन

# कनाडा ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे किदांबी श्रीकांत, चीनी ताइपे के खिलाड़ी को हराया



**कालगैरी, एजेंसी।** विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता और 2022 थॉमस कप विजेता श्रीकांत ने दुनिया के 71वें नंबर के खिलाड़ी वांग को 21-19, 21-12 से शिकस्त दी।भारत के किदांबी श्रीकांत कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। श्रीकांत ने पुरुष एकल वर्ग में तीनी ताइपे के वांग पो वेई को सीधे गेम में हराया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता और 2022 थॉमस कप विजेता श्रीकांत ने दुनिया के 71वें नंबर के खिलाड़ी वांग को 21-19, 21-12 से शिकस्त दी। इस साल मई में मलयेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाले दुनिया के 49वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत का सामना अब चीनी ताइपे के शीर्ष वरीय चोउ टिएन चेन से हो सकता है। शुरुआती गेम में श्रीकांत ज्यादातर समय पीछे चल रहे थे और उन्होंने 5-11 के स्कोर से वापसी करते हुए स्कोर 18-18 किया। इसके बाद उन्होंने अगले चार प्वाइंट हासिल किए।

चेस

# विश्व चैंपियन गुकेश ने दी नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को मात, छठे दौर में हराया; लगातार दूसरी जीत दर्ज की



**जागरेब, एजेंसी।** पहले दिन तीन में से दो मैच जीतने वाले गुकेश ने चौथे और पांचवें दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया था। वह 10 अंकों के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष बढ़त पर आ गए हैं। विश्व शतरंज चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड 2025 के जागरेब चरण में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन को काले मोहरों के साथ छठे राउंड में हरा दिया। वह 10 अंकों के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष बढ़त पर आ गए हैं। पहले दिन तीन में से दो मैच जीतने वाले गुकेश ने चौथे और पांचवें दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया था। यह गुकेश की कार्लसन पर लगातार दूसरी जीत है। पिछले महीने उन्होंने कार्लसन को नार्वे शतरंज में हराया था। गुकेश को पहले मुकाबले में पोलैंड के डूडा ने 59 चालों में मात दी। इसके बाद गुकेश ने वापसी की। उन्होंने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और हमवतन प्रज्ञानंद को मात दी।

# बदलते दौर के मध्यप्रदेश में सभी क्षेत्रों में हम समान रूप से आगे बढ़ रहे हैं : डॉ यादव



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि बदलते दौर के मध्यप्रदेश में हम सभी क्षेत्रों में समान रूप से आगे बढ़ रहे हैं। गरीब, युवा, किसान व महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सावन के महीने में लाड़ली बहनों को 250 रुपए का रक्षाबंधन का नेग मिलेगा। दीवाली के बाद लाड़ली बहनों को 1500 रुपए की किश्त प्रतिमाह उनके खाते में पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने रीवा से वर्चुअल माध्यम से कोतमा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने इस अवसर पर अनूपपुर जिले के 443.31 करोड़ रुपए के 114 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि अनूपपुर जिले में विकास कार्यों से प्रगति के द्वार खुलेंगे। सोन बैराज परियोजना किसानों के लिए बड़ी सौगात होगी। उन्होंने कहा कि अमरकंटक नर्मदा जी के साथ सोन एवं जुहिला नदी का उद्गम स्थल है। राम, सीता व लक्ष्मण जी के वनवास काल में यात्रा का रामपथ गमन विकसित व भव्य बनाया जाएगा। अनूपपुर जिले में इस मार्ग को भी भव्य व विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनूपपुर जिले में स्मार्ट क्लास का संचालन शिक्षण सुविधाओं के लिए एक उदाहरण है। उससे अन्य जिले भी प्रेरणा लेंगे। अमरकंटक में निर्मित झूला पुल हमें लक्ष्मण झूले की याद दिलाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा जी के आशीर्वाद से मध्यप्रदेश फल-फूल रहा है। नर्मदा परिक्रमा पथ में नर्मदा यात्रियों की सुविधाओं के लिए घाट व छाया स्थल एवं अन्य सुविधाएँ विकसित की जायेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश को दुग्ध क्रांति के माध्यम से देश का प्रथम दुग्ध उत्पादक प्रदेश बनाया जाएगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है साथ ही शासकीय कर्मचारियों को जुलाई माह में प्रमोशन देने का कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। मध्यप्रदेश उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। दो करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और अब प्रति व्यक्ति आय एक लाख 52 हजार रुपए हो गई है। मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी वृहद परियोजना, सोन-मोहारी माइक्रो इरिगेशन योजना तथा कटना नदी पर बांध निर्माण की घोषणा की। उन्होंने बिजुरी में आउटडोर स्टेडियम, जैतहरी स्टोरेज वेयर में कराए जाने वाले कार्यों तथा खाटी में विद्युत सब स्टेशन निर्माण की घोषणा की। रीवा से वर्चुअल संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री जी के साथ विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी तथा पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री का रीवा एयरपोर्ट में हुआ आत्मीय स्वागत



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रीवा एयरपोर्ट पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री सिंगरौली जिले के सरई में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भोपाल से वायुयान द्वारा रीवा एयरपोर्ट पहुंचे। रीवा एयरपोर्ट में विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, डीआईजी राजेश सिंह, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, अपर कमिश्नर श्रीमती नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री जी का आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री सरई में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रीवा एयरपोर्ट से हेलीकाप्टर द्वारा रवाना हुए।

## मुख्यमंत्री ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटाप की राशि अंतरित की



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भोपाल से प्रदेश के 94 हजार से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटाप की राशि का अंतरण किया। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 25 हजार रुपए की राशि लैपटाप के लिए उनके खातों में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि भविष्य की प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए शासन संकल्पित है। हमारी सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए हर प्रकार की सुविधाएं व सहायता मुहैया कराई जा रही हैं। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, शैक्षणिक शुल्क, स्कूटी, साइकिल, पुस्तकें आदि प्रदान कर बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सरकार आपके साथ खड़ी है। आप अपने प्रदेश को प्यार करें और अपनी प्रतिभा से जिले, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएं। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए सभी को समन्वित प्रयास करने होंगे। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारा देश विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है। सभी के सहयोग से हम इस संकल्प को प्राप्त कर सकेंगे। लैपटाप राशि अंतरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक मार्तण्ड क्रमांक एक स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि शासन द्वारा प्रदत्त की गई राशि से सभी विद्यार्थी अनिवार्यतः लैपटाप क्रय करें और इसका सुदपयोग करें। यह ज्ञान के संवर्धन का बड़ा माध्यम है। उन्होंने अपेक्षा की कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर विद्यार्थी अपनी शिक्षा को और निखार सकेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि विद्यार्थी अपनी प्रतिभा से देश, प्रदेश व जिले का नाम रोशन करें। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश की तकदीर व तस्वीर बदली है। पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता ने प्रतिभाशाली बच्चों को बधाई दी और उनके उत्तरोत्तर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बेटियों के अधिक संख्या में लैपटाप प्राप्त करने पर बधाई देते हुए छात्रों को भी उनके बराबर आने का आह्वान किया। अपने उद्बोधन में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि पढ़ने वाले विद्यार्थियों के सामने किसी भी प्रकार की परिस्थिति बाधा उत्पन्न नहीं कर सकती। अपना लक्ष्य निर्धारित करें और लैपटाप के माध्यम से अपने प्रश्नों का समाधान करें। इसमें सभी विकल्प और रिसोर्स मैटेरियल उपलब्ध हैं। इसका विवेक से इस्तेमाल करें और बेहतर सदुपयोग करते हुए आगे बढ़ें।

## प्रधान जिला न्यायाधीश एवं न्यायाधीशगणों द्वारा किया गया वृक्षारोपण

**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में एवं उनकी गरिमामयी उपस्थिति मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नवीन न्यायालय भवन में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित अन्य न्यायाधीशगणों द्वारा पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है। वृक्ष जहां हमें एक ओर आक्सीजन प्रदान करते हैं वहीं दूसरी ओर नकारात्मक जलवायु परिवर्तन से हमारी रक्षा करते हैं। वृक्ष प्रकृति का श्रृंगार है और मानव एवं समस्त प्राणियों के जीवनदाता हैं। प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिवर्ष कम से कम 10 पौधे रोपित करने चाहिए। विशेष न्यायाधीश श्री सुरेंद्र कुमार, जिला न्यायाधीश श्री सुधीर सिंह राठौड, श्री आशीर्वाद भिलाला, श्री शरद गुप्ता, श्री वारींद्र कुमार तिवारी, श्री संतोष कुमार तिवारी, श्री अनुज त्यागी, श्री यशपाल सिंह, श्रीमती अनु सिंह, एवं अन्य न्यायाधीशगण तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री समीर कुमार मिश्र, जिला रजिस्ट्रार श्री पन्ना नागेश, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के श्री आनंद पाण्डेय, श्री अनीस पाण्डेय व न्यायालय के कर्मचारियों सहित विधि के छात्रों द्वारा वृक्ष रोपित किए गए।

## कमिश्नर आज करेंगे जल निगम और पीएचई विभाग के कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद 5 जुलाई को कमिश्नर कार्यालय के सभागार में जल निगम (पीआईयू) और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की विभागीय गतिविधियों एवं महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा करेंगे। कमिश्नर जल निगम (पीआईयू) की समीक्षा सुबह 11 बजे से एक बजे तक तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा दोपहर 2 बजे से करेंगे। संयुक्त आयुक्त सुदेश कुमार मालवीय ने अधीक्षण यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जनरल मैनेजर जल निगम को अपने जिला अधिकारियों के साथ संभागीय समीक्षा बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

## शासन और समाज की बीच की कड़ी बनें स्वैच्छिक संगठन : अपर कलेक्टर

### जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर मनाया गया स्वैच्छिकता पर्व

**रीवा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर स्वैच्छिकता पर्व कार्यक्रम जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य, व वरिष्ठ समाजसेवी व चिकित्सक रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी की अध्यक्षता व सम्भागीय समन्वयक प्रवीण पाठक के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। परिषद के अध्यक्ष एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश वाचन के उपरान्त परिषद द्वारा तैयार लघुफिल्म का प्रदर्शन किया गया। जिला समन्वयक द्वारा पीपीटी के माध्यम से परिषद की संरचना, कार्यप्रणाली, योजनाएं, उपलब्धियों, रीवा जिला अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान में किए गए कार्यो एवं बावडी उत्सव कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया गया।



कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी द्वारा अपने उदबोधन में जन अभियान के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उपस्थित स्वयंसेवी संगठनों, नवांकुर समितियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम के परमर्शदाता एवं छात्रों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शासन के साथ मिलकर की गई भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि जन अभियान परिषद को उसके श्रेष्ठ कार्यो की पहचान है। जन अभियान परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता सकारात्मक ऊर्जा, सेवा और समाज की समझ रखने वाला है। ऑपरेशन सिंदूर में सिविल डिफेंस वालेंटियर्स के पंजीकरण व प्रशिक्षण में जन अभियान परिषद ने बहुत ही प्रभावी कार्य किया है। एक पेंड माँ के नाम अभियान प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन का महत्वपूर्ण अभियान है आप सभी स्वैच्छिक संगठन के कार्यकर्ताओं एवं जिले के प्रत्येक जन मानस से आग्रह है कि एक पेंड अपनी माँ के नाम पर रोपित कर संरक्षित करें। कार्यक्रम में डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी ने कहा कि विचारों की स्पष्टता, सेवाभाव एवं अपने लक्ष्य के प्रति निरंतरता जीवन में सफलता की कुंजी है। सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में मैं भी दशकों पहले मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के प्रथम उपाध्यक्ष के साथ परिषद की प्रारंभिक गतिविधियों में शामिल रहा हूं। आज भी परिषद द्वारा संचालित कार्यक्रमों व अभियानों में मुझे नियमित रूप से जुड़ने का अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जन अभियान परिषद के सम्भागीय समन्वयक श्री प्रवीण पाठक ने बताया कि 28 वर्ष पहले जन अभियान परिषद के रूप में एक छोटा सा पौधा रोपा गया था, वह अब समाज के मध्य कार्य करते हुए एक वट बृक्ष बन रहा है।

## आउटसोर्स कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन, एरियर भुगतान के निर्देश

**रीवा।** श्रमायुक्त द्वारा जिलों एवं उद्योगों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन, एरियर भुगतान के निर्देश दिए गए हैं। श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने रीवा एवं मऊगंज जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखों एवं औद्योगिक इकाईयों के प्रबंधकों से एक अक्टूबर 2024 तथा 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील न्यूनतम वेतन दरों के अनुरूप वेतन भुगतान एवं एरियर का भुगतान 10 दिवस में कराने की अपेक्षा की है।

## गुढ़ में सर्वाधिक 223 मिमी और त्योंथर में सबसे कम 67 मिमी हुई वर्षा

**रीवा।** जिले में एक जून से अब तक 150.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस अवधि में गुढ़ में सर्वाधिक 223 मिलीमीटर और त्योंथर में सबसे कम 67 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि इसी अवधि के दौरान तहसील हुजूर में 170.6 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 113.5 मिलीमीटर, सिरमौर में 206.2 मिलीमीटर, सेमरिया में 171 मिलीमीटर, मनगवां में 146 मिलीमीटर तथा जवा में 107 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 64.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी। जिले की सामान्य औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## निगम आयुक्त ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा दिनांक 04 जुलाई को राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली गई। इस दौरान बैठक में जोन 02 में टैक्स की साप्ताहिक वसूली की कमजोर प्रगति के कारण फटकार लगाते हुये वसूली को बढाये जाने के निर्देश दिए। शासकीय भवनों को डिमांड भेजकर सेवा प्रभार जमा कराये जाने पर जोर दिया गया। निगम आयुक्त ने सख्त निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर डिमांड रजिस्टर का कार्य कराया जाय। जीआईएस सर्वे में डाटा विसंगतियों का सभी जोन के प्रभारी निरीक्षण कर डाटा सत्यापन कराया जाना सुनिश्चित करें। जीआईएस में फीड होने वाले डाटा एवं डिलिट होने वाली जानकारी को प्रतिदिवस रिर्पोट के माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डुप्लीकेट आईडी डिलिट कराकर प्रापर्टी आईडी त्रुटिरहित करें एवं सम्पत्तिकर वसूली में जिससे व्यवधान उत्पन्न न हो। निगम आयुक्त ने कहा कि आगामी एक सप्ताह में सभी डेटा सम्बंधी कार्य पूर्ण कर लें, एवं वसूली पर ध्यान देते हुये बेहतर कार्ययोजना के साथ इस वित्तीय वर्ष का लक्ष्य पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। इसी के साथ पीओएस मशीन एवं वसूली की समीक्षा करते हुये आपेक्षित प्रगति न होने पर अंसतोष व्यक्त किया गया। एवं एआरआई बालेन्द्र सिंह को कार्य में लापरवाही व न्यूनतम प्रगति के लिये निलंबित करने के निर्देश दिए। एआरआई रोहित भारत को बैठक में अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने एवं एक सप्ताह में डिमांड रजिस्टर पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। वार्ड प्रभारी राहुल चुटेले, राजकुमार तिवारी एवं उपेन्द्र मिश्रा को डुप्लीकेट आईडी डिलिट कराये जाने हेतु नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए। व्यावसायिक बड़े बकायादारो पर टैक्स नही जमा करने पर तालाबंदी की कार्यवाही प्रतिदिवस की जाय। निगम आयुक्त ने जलकर पर चर्चा करते हुये कहा कि बडे बकायादारो से कड़ाई से बसूली करें अन्यथा की स्थिति में नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जाय।

## पुलिस द्वारा हरियाली महोत्सव के अन्तर्गत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**रीवा।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाली महोत्सव दिनांक 01.07.2025 से 07.07.2025 तक वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुसार आज दिनांक 04.07.2025 को वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन रीवा में किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रीवा श्रीमती हिमाली पाठक के द्वारा शहर के समस्त थाना प्रभारी, पुलिस लाईन के अधिकारी/कर्मचारीगण/नव आरक्षको के साथ मिलकर पुलिस कालोनियों, परेड ग्राउन्ड, विभिन्न स्थानों पर 200 पौधे लगाए गए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। हरियाली महोत्सव के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के संबंध में दिशा निर्देश दिये गये- दिनांक 1/7/25 से 7/7/25 तक प्रत्येक पुलिस कालोनी में वृहद पौधारोपण किया जाना है।

पुलिस कालोनी में निवासरत प्रत्येक पुलिस परिवार से एक सदस्य एक पौधा स्वयं के नाम का लगायेगा जिसकी संपूर्ण सुरक्षा एवं रखवाली की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी।

पुलिस अधिकारी कर्मचारी जिस कालोनी में रहते हैं उसी कालोनी के मैदान में पौधारोपण करेंगे। पौधारोपण हेतु पौधे फलदार छायादार एवं देसी प्रजाति के होना आवश्यक है।

पौधारोपण हेतु पौधे रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र रीवा द्वारा उपलब्ध कराये जाएंगे एवं फेंसिंग व ट्री गार्ड की व्यवस्था भी कराई जाएगी।

पौधारोपणके लिए स्थान का चयन इस प्रकार किया जाए जहां पर्याप्त धूप तथा उचित जल निकासी की व्यवस्था हो।

प्राथमिकता के आधार पर बरगद पीपल नीम सागौन आम जामुन आंवला महुआ इत्यादि प्रजातियों का रोपण किया जाए।

पौधारोपण के पश्चात पौधों की देखभाल पानी खाद निंदाई जैसे कार्य भी आपके द्वारा किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक रीवा श्री विवेक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रीवा श्रीमती हिमाली पाठक, शहर के समस्त थाना प्रभारी, पुलिस लाईन के अधिकारी/कर्मचारीगण /नव आरक्षक उपस्थित रहे। अपील-सभी नागरिकों से अपील गई किअधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें। हरियाली महोत्सव के माध्यम से हम सब मिलकर एक स्वच्छ भारत हरा-भरा और स्वस्थ पर्यावरण बनाने में भागीदार बने।

## रीवा, सतना तथा सिंगरौली नगर निगमों के कार्यों की कमिश्नर करेंगे समीक्षा

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में रीवा, सतना तथा सिंगरौली नगर निगमों के निर्माण कार्यों, शासन की प्राथमिकता वाली विभिन्न योजनाओं, विभागीय गतिविधियों एवं बाढ़ की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। इस संबंध में संयुक्त आयुक्त सुदेश कुमार मालवीय ने बताया कि नगर निगम रीवा की बैठक नगर निगम सभागार रीवा में 7 जुलाई को, नगर निगम सतना की बैठक नगर निगम सभागार सतना में 9 जुलाई को तथा नगर निगम सिंगरौली की बैठक नगर निगम सभागार सिंगरौली में 12 जुलाई आयोजित की गई हैं। सभी बैठकें सुबह 11 बजे से आरंभ होंगी। बैठक में रीवा, सतना और सिंगरौली के नगर निगम आयुक्त से सहायक यंत्री एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

## आईआईटी एडवांस की परीक्षा में अक्षत पटेल अपने कैटेगरी में 1306 रैंक प्राप्त कर मारी बाजी



**रीवा।** बीबीएस मेमोरियल आजाद नगर में अध्ययनरत छात्र अक्षत पटेल पिता श्री सुरेश कुमार पटेल जो कि फार्मासिस्ट के पद पर हैं ने आईआईटी एडवांस की परीक्षा में अपने कैटेगरी में 1306 रैंक प्राप्त कर बाजी मारी है। अक्षत आईआईटी कानपुर में प्रवेश के लिए चयनित हुए हैं। विद्यालय परिवार ने छात्र की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

## उप मुख्यमंत्री आज सागर होकर जाएंगे भोपाल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 5 जुलाई को प्रातः 8 बजे निज निवास रीवा से कार द्वारा सागर प्रस्थान करेंगे। श्री शुक्ल दोपहर 2 बजे सागर में रावतपुरा सरकार वेदांती आश्रम में श्री सदगुरू प्राकट्य महोत्सव के कार्यक्रमों में शामिल होकर दोपहर बाद 3.30 बजे भोपाल रवाना हो जाएंगे।

## मुख्यमंत्री ने स्थानीयजनों व बच्चों से की आत्मिक भाव से मुलाकात



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अपने रीवा प्रवास के दौरान पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित स्थानीय व प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा। मुख्यमंत्री जी को देखकर समान मोहल्ला संजय नगर के निवासियों व बच्चों ने फोटो खिचवाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री जी ने सहर्ष सभी से आत्मिक भाव से मुलाकात करते हुए फोटो खिचवाई।






# सामाजिक समरसता कार्यक्रम

सायं 6:00 बजे | दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार, कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर

## विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

अपराह्न 4:00 बजे | आई एस बी टी, ग्वालियर

मुख्य अतिथि

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति

**ज्योतिरादित्य सिंधिया**
केन्द्रीय मंत्री, संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास

**नरेन्द्र सिंह तोमर**
अध्यक्ष, मध्यप्रदेश विधानसभा

5 जुलाई, 2025

### समरस समाज की स्थापना के सतत प्रयास

डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जन्मभूमि महू, महानिर्वाण स्थल दिल्ली, दीक्षा भूमि नागपुर, चैत्य भूमि मुंबई और शिक्षा स्थल लंदन 'मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना' में सम्मिलित

महू को अंतर्राष्ट्रीय स्थल के रूप में विकसित करते हुए **अम्बेडकर इंटरनेशनल रिसर्च सेंटर एवं स्मारक संग्रहालय का विकास** एवं महू रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर हुआ **अम्बेडकर नगर स्टेशन**

- डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना - स्व-रोज़गार के लिए डेयरी इकाई लगाने हेतु ₹42 लाख तक ऋण
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना - अनुसूचित जाति के युवाओं को ₹1 लाख तक की स्व-रोज़गार अनुदान सहायता
- डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर उद्योग उदय योजना - एमएसएमई क्षेत्र में अनुसूचित जाति-जनजाति उद्यमियों को वित्तीय सहायता
- अम्बेडकर गौ-शाला विकास योजना - आधुनिक गौ-शालाओं हेतु 125-150 एकड़ शासकीय भूमि आवंटन
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार योजना - अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को 10वीं-12वीं में सर्वोच्च अंक लाने पर ₹30 हजार का पुरस्कार
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रवृत्ति योजना - अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन हेतु अम्बेडकर फैलोशिप
- भोपाल में मध्यप्रदेश के सबसे लंबे फ्लाईओवर का नाम डॉ. अम्बेडकर के नाम पर रखा गया
- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर वन्यजीव अभयारण्य - सागर में 258.64 वर्ग कि.मी. में प्रदेश का 25वां अभयारण्य

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

D-11058/25

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833